'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 149 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए बुधवार, 14 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

मजिस्ट्रेट रितु यादव ने कानूनी सहायता क्लीनिक का किया उद्घाटन

Page 3



# हरियाणा को मिली विकास परियोजनाओं की नायाब सौगात

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में लगभग 3400 करोड़ रुपये की लागत की कुल 600 परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर चलते हुए सभी क्षेत्रों का समान विकास सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों को आज एक बार फिर विकास परियोजनाओं की नायाब सौगात दी है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने जिला पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे प्रदेश में लगभग 3400 करोड़ रुपये की लागत की कुल 600 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 1190 करोड़ रुपये की 220 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 2210 करोड़ रुपये की लागत की 380 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टीजीटी-पंजाबी के 104 तथा ग्रुप-डी के 3878 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों और उनके माता-पिता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज इस युवा शक्ति ने मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरी पाने में सफलता प्राप्त की है।

**मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-विस्तार पोर्टल किया लॉन्च**

समारोह के दौरान श्री नायब सिंह सैनी ने गांव के गरीब लोगों का अपने घर का सपना पूरा करने की दिशा में कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना- विस्तार पोर्टल भी लॉन्च किया। इस योजना के माध्यम से उन गरीब लोगों को जिनके पास जमीन नहीं है, उन्हें गांव के अंदर 100 गज के प्लॉट और महाग्राम के अंदर 50 गज के प्लॉट दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने लोगों को प्लॉट देने के नाम पर भेदभाव किया था, न ही उन्हें प्लॉट का कब्जा दिया, न कागज दिए और वे दर-दर की ठोकरें खा रहे थे। हमारी सरकार ने उन लोगों को प्लॉट का कब्जा देने का काम किया।

**अब तक कुल 24,221 करोड़ रुपये की लागत की 2891 परियोजनाओं का किया जा चुका उद्घाटन व शिलान्यास**

प्रदेश की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज से पहले भी इस प्रकार के ऑनलाइन माध्यम से परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने के 9 कार्यक्रम किए जा चुके हैं। आज का यह कार्यक्रम 10वां कार्यक्रम है। इन सभी को मिलाकर अब तक कुल 24,221 करोड़ रुपये की लागत की 2891 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आज की परियोजनाओं में सड़कें, जलघर, स्वास्थ्य संस्थाएँ, स्कूल, कॉलेज, बिजली घर, नहर, नाले और पुल इत्यादि शामिल हैं। ये परियोजनाएं प्रदेश में कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा व पर्यटन इत्यादि अनेक पहलुओं से जुड़ी हुई हैं, जिसका लाभ हरियाणा प्रदेश के लोगों को मिलने वाला है। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास और सबका विश्वास के विजन को साकार करते हुए वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होंगी।

इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री बिशम्बर सिंह, विधायक श्री राजेश नागर, श्री सत्यप्रकाश जरावता, श्री विनोद भयाना, पूर्व मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा व श्री ओम प्रकाश यादव, भाजपा नेत्री श्रीमती बंतो कटारिया, स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग, मानव संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री विजेंद्र कुमार, हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री मोहम्मद शाइन, सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री मंदीप सिंह बराड़, हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के महानिदेशक श्री जे गणेशन, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री आर एस ढिल्लों, मानव संसाधन विभाग के विशेष सचिव डॉ आदित्य दहिया, पंचकूला के उपायुक्त श्री यश गर्ग सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरुग्राम में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए पंडित मोहन लाल बड़ौली



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली मंगलवार को गुरुग्राम के सेक्टर-17 में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा हाथ में लिए सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के बीच मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि तिरंगा हमारी जान है और शान है और हमारा अभिमान है। उन्होंने कहा कि भाजपा आजादी के उत्सव को तिरंगा यात्रा के माध्यम से मना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को तिरंगा यात्रा से जोड़कर नई ऊर्जा दी है और युवाओं को देश भक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत किया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयकारों से पूरे माहौल को देशभक्तिमय बना दिया। मोहन लाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश भर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उत्साह और जोश के साथ तिरंगा यात्राएं निकाल रहे हैं। हर जिला व मंडलों पर तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इस यात्रा में बड़ी संख्या में प्रदेश के युवा, किसान और नागरिक शामिल हुए हैं। यात्रा के दौरान लोगों में उत्साह, जोश और जुनून देखने को मिल रहा है। तिरंगे को देश की पहचान और गौरव बताते हुए उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी जान है, शान है और हमारा अभिमान है। मोहन लाल कौशिक ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम राष्ट्रवाद को प्रखर बनाने और राष्ट्र की अस्मिता, सुरक्षा और भावनाओं को मजबूत करने का एक शानदार अवसर है। तिरंगा यात्रा ने सभी के अंदर राष्ट्रीय एकता का भाव जागरूक किया है, जो हमारे देश के भविष्य के लिए बहुत ही जरूरी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा 14 अगस्त बुधवार को विभाजन विभिषिका दिवस मना रही है। पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर संगोष्ठियों का आयोजन होगा। इस स्मृति दिवस पर 1947 भारत-पाक बंटवारे के दर्दनाक लम्हों को स्मरण किया जाएगा तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस मौके पर श्री कौशिक ने सभी कार्यकर्ताओं से एक पौधा मां के नाम लगाने का भी आग्रह किया। तिरंगा यात्रा के दौरान मुख्य रूप से संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव, महिला प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, जिला प्रभारी संदीप जोशी, जिला अध्यक्ष कमल यादव, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, सर्वप्रिय त्यागी, समय सिंह भाटी, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, रश्मी, बोधराज सीकरी, नवीन गोयल, मुकेश पहलवान, मनोज शर्मा, मधु आजाद, बिमला चौधरी, महेश चौहान, हरविंद्र कोहली, तिलक राज मल्होत्रा, शैलेन्द्र पांडेय, मीडिया प्रभारी गजेंद्र गुप्ता, सह मीडिया प्रमुख पवन यादव, राकेश राणा आदि उपस्थित रहे।

## भारत माता के जयकारों के साथ करनाल में निकली तिरंगा यात्रा
## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ-साथ हाथों में तिरंगा थामे चले आमजन



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को करनाल में आयोजित तिरंगा यात्रा में पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में जनसमूह तिरंगा यात्रा में शामिल हुआ और भारत माता के जयकारों के साथ शहर के अलग-अलग चौक से होते हुए गुजरा। यात्रा का शुभारंभ रामलीला सभा से हुआ और समापन कुंजपुरा रोड के सनातन धर्म मंदिर पर हुआ। यात्रा से पूर्व रामलीला सभा के हॉल में जनसमूह को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से आह्वान किया कि अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले अनेक क्रांतिकारियों को वे नमन करते हैं। उन्होंने आमजन से मां के नाम एक पेड़ लगाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि आज खुशी व गर्व का दिन है। भारत अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए तिरंगा यात्रा में पूरे जोश व उल्लास के साथ शामिल होने की अपील की।

**रामलीला ग्राउंड से शुरू हुई तिरंगा यात्रा**

तिरंगा यात्रा रामलीला ग्राउंड से शुरू हुई। इस के बाद महर्षि वाल्मीकि चौक से कर्ण गेट के सामने से होते हुए सब्जी मंडी चौक पहुंची। इस दौरान बाजार में लोग हाथों में फूल लिए खड़े थे और यात्रा पर फूलों की वर्षा कर रहे थे। इसके बाद यात्रा नेहरू प्लेस की तरफ बढ़ी, वहां पर कहीं बच्चों ने तो कहीं बुजुर्गों ने यात्रा का स्वागत किया। यहां से यात्रा महावीर दल फिर सनातन धर्म मंदिर पर यात्रा का समापन हुआ।

इस मौके पर पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, भाजपा नेता अशोक बिंदल ने भी विचार रखे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला, पूर्व मीडिया को-आर्डिनेटर जगमोहन आनंद, पूर्व विधायक जिले राम शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता बृज गुप्ता मौजूद रहे।

## कलायत से पूर्व विधायक मास्टर जोगीराम ने ज्वाइन की कांग्रेस



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** कलायत से पूर्व विधायक मास्टर जोगीराम ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौधरी उदयभान के नेतृत्व में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव चौधरी दिल्लू राम बाजीगर भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। हुड्डा और चौ. उदयभान ने मास्टर जोगीराम का कांग्रेस में स्वागत किया और उन्हें पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। पिछले ढाई साल के भीतर जोगीराम समेत 44 पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री कांग्रेस ज्वाइन कर चुके हैं। इस मौके पर जारी बयान में हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की जनता बेसब्री से विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रही है। लोग पूरी तरह बीजेपी को सत्ता से बेदखल करने और कांग्रेस की सरकार लाने का मूड बन चुके हैं। बीजेपी को भी अपनी हार का एहसास हो चुका है। इसीलिए सरकार द्वारा जनता को बरगलाने के लिए हवा-हवाई ऐलान किए जा रहे हैं। लेकिन जनता बीजेपी के इरादों और नियत को पूरी तरह भांप चुकी है। क्योंकि जिस पार्टी ने 10 साल सत्ता में होते हुए अपना एक भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया, भविष्य में उसपर भरोसा कैसे किया जा सकता है। जिस पार्टी ने 10 साल में प्रदेशहित का कोई कार्य नहीं किया और हर वर्ग को डंडे के जोर पर दबाने की कोशिश की, वह अब बचे हुए 20 दिनों में आखिर क्या कर लेगी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जल्द ही हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने वाली है। बचे हुए 20 दिनों में अगर बीजेपी कोई जनहित का फैसला लेती है तो उसको अमलीजामा पहनाने की जिम्मेदारी भी आने वाली कांग्रेस सरकार को मिलेगी। साथ ही कांग्रेस की नकल करके बीजेपी जो घोषणाएं कर रही है, उनको लागू करने का सौभाग्य भी कांग्रेस को ही प्राप्त होगा। जबकि बीजेपी ने सत्ता में आते ही कांग्रेस द्वारा शुरू की गई गरीब, एससी, ओबीसी के लिए सौ-सौ गज के मुफ्त प्लाट आवंटन की स्कीम, बच्चों को छात्रवृति देने की योजना, कर्मचारियों को ठेकेदारी प्रथा से छुटकारा दिलाने व नियमितीकरण की नीति पर रोक लगा दी थी। लेकिन कांग्रेस कभी ऐसी द्वेषपूर्ण राजनीति नहीं करेगी।

## नायब सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों से टेंशन में है कांग्रेस : पंडित मोहन लाल कौशिक



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में आयोजित अभिनंदन समारोह में हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा की जा रही जनकल्याणकारी घोषणाओं से कांग्रेस टेंशन में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इन्हीं जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार भी सरकार बनेगी और कांग्रेस तीसरी बार भी हार का स्वाद चखेगी। पंडित मोहन लाल कौशिक मंगलवार को अभिनंदन समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। श्री कौशिक ने समारोह में भाजपा सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया।

गुरुग्राम पहुंचने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, मोदी-नायब सैनी जिंदाबाद, मोहन लाल कौशिक जिंदाबाद के खूब नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने पूरे माहौल को भाजपामय बना दिया। अभिनंदन और स्वागत से अभिभूत प्रदेश अध्यक्ष ने इस स्वागत को कार्यकर्ताओं का स्वागत बताया। श्री कौशिक ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा हर चुनाव को जीतती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से गुरुग्राम जिला की चारों विधानसभाओं में कमल का फूल खिलाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार कार्यकर्ताओं की सरकार है और कार्यकर्ताओ का मान-सम्मान सर्वोपरि है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी गरीब, युवा, महिला और किसानों की उन्नति के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही घोषणाओं से हरियाणा के लोगों के चेहरों पर खुशियां हैं। सीएम सैनी ने 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी दी है। गरीब परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देकर बड़ी राहत पहुंचाने का काम किया है।

समारोह में बोलते हुए मोहन लाल कौशिक ने कहा कि गरीबों को हैपी कार्ड के जरिए 1000 किलोमीटर की यात्रा का लाभ नायब सरकार दे रही है। किसानों के लिए जितने काम भाजपा सरकार ने किए हैं उतने विपक्ष की किसी अन्य सरकार ने नहीं किए।

# हरियाणा में कल्याणकारी घोषणाएं लगाएगी भाजपा की नैया पार

समाचार गेट ब्यूरो

**दिल्ली।** नायब सिंह सैनी सरकार ने हाल ही में 5 महत्वपूर्ण घोषणाएं की है। पहली घोषणा किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की है। दूसरा अग्निवीर प्रतिभागियों को राज्य सेवा की नौकरियों में विशेष प्रावधान, तीसरा फैसला कर्मचारी हित का है, जहां एक लाख से अधिक कच्ची नौकरी वाले कर्मचारियों को पक्की नौकरी दी गई है। चौथी घोषणा उज्जवला योजना के 46 लाख से अधिक लाभार्थी परिवारों को 500 में मुफ्त सिलेंडर देने की है। पांचवी महत्वपूर्ण घोषणा ओबीसी के लिए क्रीमीलेयर की सीमा को 6 लाख की वार्षिक आय से बढ़ाकर 8 लाख करना है। इन पांच प्रमुख घोषणाओं के साथ ही सरकार ने टीजीटी का सात साल से रुके रिजल्ट को भी जारी करने का काम किया है। चुनावी नैया पार करने में जुटी भाजपा ने नायब सरकार की इन घोषणाओं से इस समर में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। प्रदेश के हर घर तक भाजपा ने लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि हरियाणा राज्य में चुनावी वर्ष में ऐसी घोषणाएं जो चुनाव के पहले ही जनता को सीधा लाभ पहुंचा रही है, भाजपा के लिए संजीवनी का काम करती दिख रही है।

**ओबीसी क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाई गई**

हरियाणा सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए क्रीमीलेयर की सीमा को 8 लाख वार्षिक करने और पंचायती राज संस्थाओं और नगर पालिकाओं में ओबीसी-बी श्रेणी के लिए 5 प्रतिशत कोटा पेश किया। यह आरक्षण ओबीसी-बी श्रेणी के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी-ए श्रेणी के लिए पहले से लागू 8 प्रतिशत कोटे के अतिरिक्त होगा। गौरतलब है कि हरियाणा में ओबीसी की आबादी राज्य की आबादी का लगभग 40 प्रतिशत है और इसमें 78 जातियां शामिल हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले इस विशाल वोट बैंक पर नजर रखते हुए, ओबीसी नेता नायब सैनी को अपना मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में भी राज्य के तीन मंत्रियों में से दो – राज्य मंत्री राव इंद्रजीत और कृष्ण पाल गुर्जर – भी पिछड़े वर्ग से हैं। ऐसे में यह साफ है कि भाजपा ने ओबीसी को नेतृत्व, सम्मान और आरक्षण देने का काम किया है।

**आधी आबादी का पूरा साथ**

भारतीय जनता पार्टी जानती है कि आधी आबादी महिलाएं भाजपा का पूरा साथ देती है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में लाड़ली बहना योजना और महतारी वंदन योजना ने जो कमाल दिखाया है, उसी तर्ज पर हरियाणा में महिलाओं के लिए भाजपा ने 13 बड़ी घोषणाएं की है। अब प्रदेश के 1.80 लाख तक की आय वाले 46 लाख परिवारों को 500 में एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा। साथ ही, इस वित्त वर्ष में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को 490 करोड़ का लोन दिया जाएगा। बेटियों की शिक्षा पूरी करने में भाजपा सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। उच्चतर शिक्षा के लिए 5,105 बेटियों को 20 करोड़ 28 लाख की मदद की गई है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बस अड्डा परिसर में दुकान का आवंटन किया जा रहा है, ताकि आधी आबादी देशी उत्पादों का व्यापार कर सकें। प्रदेश की 581 गरीब विधवाओं को 9 करोड़ 38 लाख ब्याज रहित ऋण दिया जा रहा है। 487 महिला उद्यमियों को 8 करोड़ 70 लाख का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा। ताकि अब सशक्त महिला से समृद्ध हरियाणा बन सके। गरीब बेटी की शादी नायब भैया की जिम्मेदारी। विवाह शगुन की राशि प्रदेश में 41 हजार से बढ़कर 71 हजार कर दी गई है।

**भाजपा को लाभार्थियों से भी उम्मीद, नॉन स्टॉप हरियाणा स्लोगन अब चढ़ने लगा जुबान पर**

**क्या चुनाव आते-आते मुद्दे-विहीन हो जाएगी काँग्रेस**

**अन्नदाता सुखी भव: मंत्र पर काम कर रही सरकार**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अन्नदाता किसानों को प्राथमिकता दी है। महाभारत के रण की साक्षी भूमि कुरुक्षेत्र से भाजपा ने किसानों के लिए सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने की घोषणा की है। राज्य में अब 14 के बजाय 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार खरीदेगी। इसके अलावा 133 करोड़ 55 लाख 48 हजार पिछले समय के माफ किए गए हैं। इसके साथ ही किसान हित में स्टार ट्यूबवेल मोटर बनाने वाली सभी कंपनियों को अब हरियाणा के पैनल पर रखने जा रही है जानकार बताते हैं कि भाजपा 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' के तहत पहले से ही किसानों के खाते में सीधे छह हजार सरकार डाल रही है। एमएसपी पर फसल का दाना-दाना खरीदना इस महत्वपूर्ण वर्ग को भाजपा की तरफ ले आएगा। हरियाणा सारी फसल एमएसपी पर खरीदने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने नहरी पानी के सिंचाई शुल्क को बकाया राशि माफ करने की भी घोषणा की।



**अग्निवीर को लेकर विपक्ष का एजेंडा ध्वस्त**

सेना में अग्निवीर की भर्ती को लेकर विपक्षी पार्टी कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार को घेर रही थी। सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगा रही थी कि वह युवाओं की देश सेवा के साथ-साथ स्थाई नौकरी की आस को खत्म कर रहे हैं, लेकिन हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों को पुलिस भर्ती और माइनिंग गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डन और एसपीओ के पदों पर सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत हॉरिजॉन्टल आरक्षण देकर कांग्रेस के एजेंडे को ध्वस्त कर दिया है। इसके अलावा अग्निवीरों को समूह-बी और सी में सरकारी पदों के लिए निर्धारित अधिकतम आयु में 3 वर्ष की छूट प्रदान की है। समूह-सी में सिविल पदों पर सिधी भर्ती में अग्निवीरों के लिए 5 प्रतिशत हॉरिजॉन्टल आरक्षण और समूह बी में 1 प्रतिशत हॉरिजॉन्टल आरक्षण दिया है। राज्य में अगर अग्निवीरों किसी औद्योगिक इकाई द्वारा 30 हजार से अधिक वेतन दिया जाता है तो राज्य की भाजपा सरकार उद्योगों को 60 हजार की वार्षिक सबसिडी देगी। स्वयं का उद्योग लगाने वाले अग्निवीरों को सरकार 5 लाख तक का ब्याज रहित ऋण देगी। यानी कांग्रेस को घोषणाओं के माध्यम से भाजपा ने चारों खाने चित कर दिया है।

**खुशहाल नौजवान बनाने का दावा कर रही भाजपा**

हरियाणा की भाजपा सरकार दावा कर रही है कि वह खुशहाल नौजवान बनाने संकल्पित है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि हरियाणा राज्य में सबसे ज्यादा बेरोजगारी खट्टर और नायब सिंह सैनी की सरकार में देखी गई है। गौरतलब है कि जब से राज्य में भाजपा सरकार आई है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता आई है। साथ ही कुछ समय पूर्व कोर्ट में फंसी सभी भर्तियों का विधिपूर्ण निदान करने का जो काम सरकार ने किया है। नायब सरकार ने 7471 टीजीटी की भर्ती का रास्ता भी साफ किया है। राज्य में अब तक 1 लाख 40 हजार युवाओं को मेरिट पर नौकरी दी जा चुकी है। भाजपा इसे 1 लाख 40 हजार लाभार्थी परिवारों के विश्वास की नौकरी के रूप में देख रही है। एक लाख से अधिक कच्चे कर्मचारियों को भी भाजपा पक्का करने जा रही है। मतलब आउटसोर्स और सौंविदा में सालों से प्रदेश मे सेवा देने वाले कच्चे कर्मचारी अब स्थाई कर्मचारी हो जाएंगे। इस घोषणा ने वर्षों से भेदभाव का शिकार हो रहे कर्मचारियों को बड़ी राहत देने का काम किया है।

**कांग्रेस पकड़ रही सिर माथा**

आज किसानों को एमएसपी, महिलाओं को सस्ता सिलेंडर, युवाओं को रोजगार के माध्यम से लोकसभा चुनाव की आचार सहिता हटने के बाद घोषणाओं का अंबार लग गया है। इससे एक तरफ बड़े और छोटे हुड्डा (भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा) बनाम कुमारी शैलजा की लड़ाई में फंसी कांग्रेस सिर माथा पकड़ कर बैठ गई है। भाजपा संगठन ने जहां एक तरफ पंडित मोहन लाल बड़ौली को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाकर ब्राह्मणों को सांगठनिक भूमिका में बांधा है। वहीं कांग्रेस आज भी न खाता न बही, जो हुड्डा कहे वही सही के फेर में पड़कर जातीय और क्षेत्रीय संतुलन नहीं बना पा रही है। एक तरफ भाजपा का संगठन और सरकार का सामंजस्य इस चुनाव में मशीनरी बन गया है। वहीं कांग्रेस गुटबाजी के दलदल में फंस गई है।

# टोल टेक्स पर डटे किसान, घामडोज के पीड़ित किसान को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन करने पर मजबूर होगी भाकियू : रतनमान

बिल्डर द्वारा घामडोजके किसान की जमीन हथियाने के आरोप को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने मंगलवार को सोहना टोल टेक्स पर घेरा डाला व नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान किसानों के समर्थन में पहुंचे और प्रशासन को चेताया कि यदि किसान के साथ पुनः अत्याचार किया तो आर पार की लड़ाई के लिए प्रदेश सरकार तैयार रहे। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल टोल टेक्स पर पहुंच गया। वार्ता के बाद किसान ज्ञापन लेकर सोहना एस-डीएम कार्यालय पहुंचे और वहां भी नारेबाजी की। एसडीएम सोनू भट्ट ने किसानों से ज्ञापन लिया और भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होगा।



मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन के माध्यम से भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि किसान की जमीन बिल्डर द्वारा मुकदमेबाजी के माध्यम से छीनने का अवैध प्रयास किया जा रहा है। किसान द्वारा दर्ज कराया गया केस पुलिस ने रद्द कर दिया है व किसान के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज कर दिए गए हैं, जो बिलकुल नाजायज हैं व मिलीभगत के साक्षात प्रमाण हैं।

घामडोज जमीन के मामले में भारतीय किसान यूनियन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। अगर पीड़ित किसान को न्याय नहीं मिला तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करने को मजबूर होगी और आंदोलन में जो भी क्षति होगी उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

पुलिस से मिलकर कर रहे जमीन हड़पने की कोशिश

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि घाआमडोज, सोहना, गुरुग्राम निवासी सुशील कुमार पुत्र अजीत सिंह की जमीन यशदीप बिल्डर द्वारा हड़पने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। उक्त बिल्डर व तहसील के कर्मचारियों के खिलाफ पीड़ित ने फरवरी 2023 में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा इनकी शिकायत पर कार्यवाही नहीं करते हुए बिल्डर से मिलीभगत कर पीड़ित के ऊपर ही एफ आई आर दर्ज कर दी गई। पीड़ित ने 2018 में बिल्डर से 15 एकड भूमि का कोलाबरेशन किया था लेकिन उक्त बिल्डर द्वारा कोलाबरेशन के दौरान तय किए गए नियम अनुसार कार्य नहीं किया, जिसके कारण एग्रीमेंट 2021 में खत्म हो गया था। अब उक्त बिल्डर द्वारा डरा धमकाकर तथा पुलिस के साथ मिलकर पीड़ित को मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, जबकि जमीन का मालिकाना हक पीड़ित के पास है। बिल्डर द्वारा जमीन हड़पने के लिए हर प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहा हैं। पीड़ित किसान व्यक्ति बीमार व अपाहिज है तथा उसका पूरा परिवार इसी भूखंड पर पूरी तरह निर्भर है। बिल्डर द्वारा पुलिस प्रशासन से मिलकर दिनांक 10.08.2024 को पुनः नाजायज रूप से एक और एफआईआर दर्ज करवा दी गई।

10 दिन का अल्टीमेटम

पीड़ित किसान द्वारा जो मुकदमा दर्ज कराया गया जिसे भू माफिया व अधिकारियों के दबाव में निरस्त कर दिया गया था उसे पुनः जांच शुरू करा कर न्याय सुनिश्चित किया किया जाए।

पीड़ित किसान के ऊपर भूमाफिया बिल्डर द्वारा दर्ज कराई गई सारी एफआईआर तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाएं। अगर प्रशासन द्वारा 10 दिनों के भीतर संतोषजनक कार्यवाही करते हुए इन्हें निरस्त नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन द्वारा यह माना जायेगा की उक्त अवैध कार्य में शासन-प्रशासन की भी मिलीभगत है, जिसके विरुद्ध व्यापक रूप से आन्दोलन चलाया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की ही होगी। इस अवधि में यदि प्रशासन द्वारा इनसे जुड़े किसी भी व्यक्ति पर कोई कार्यवाही की जाती है तो हरियाणा प्रदेश का सपूर्ण किसान वर्ग इस ज्यादती के खिलाफ सडकों पर होगा, हर तरह की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## होडल क्राइम ब्रांच होडल पुलिस ने देसी कट्टा अवैध हथियार सहित नाबालिग आरोपी धरा

**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री चंद्र मोहन पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत गत दिनांक 12 अगस्त 2024 को क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम ने देसी कट्टा अवैध हथियार सहित नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि स्टॉफ में तैनात हेड कांस्टेबल सुंदर सिंह बराये गस्त व क्राइम पड़ताल हसनपुर चौक होडल पर मौजूद था जहाँ विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक नौजवान लड़का अवैध हथियार सहित नजदीक राजस्थान होटल एन आई एच-19 के पास कही जाने के लिए सवारी के इंतजार में खड़ा हुआ है। टीम ने तुरंत रेड कर नौजवान लड़का को अवैध हथियार एक देसी कट्टा सहित काबू किया। बरामद असला बारे लाइसेंस व परमिट मांगा तो वह असला बारे कोई लाइसेंस व परमिट पेश न कर सका। अवैध हथियार को कब्जा में लेकर आरोपी के विरुद्ध संबंधित थाना होडल में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई गई। विवेचना के दौरान उक्त लड़का नाबालिक पाया गया जिसके विरुद्ध नियम अनुसार कार्यवाही की गई।

## होडल थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखना मामले में 2 साल से फरार भगोड़े अपराधी को किया गिरफ्तार



**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**

पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल श्री चंद्र मोहन आईपीएस के निर्देश अनुसार जिला में पी.ओ./ बेल जंपर को पकड़ने का विशेष अभियान चलाया हुआ है। इन्हीं निर्देशांनुसार कार्य करते हुए होडल थाना पुलिस ने वर्ष 2022 के अवैध हथियार रखने मामले में करीब 2 साल की अवधि से पुलिस गिरफ्त से फरार एवं अदालत से भगोड़े करार अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसको आज न्यायालय में पेश किया जायेगा। होडल थाना इंचार्ज निरीक्षक दौलत राम ने बताया कि उन्होंने भगोड़े अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए हेड कांस्टेबल हकमुद्दीन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस टीम ने गत दिनांक 12 अगस्त को मूसेपुर थाना कामा जिला भरतपुर राजस्थान निवासी भगोड़े अपराधी नाजर को नियम अनुसार गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को थाना होडल मे दर्ज वर्ष 2022 के अवैध हथियार रखने मामले में पुलिस गिरफ्त से फरार के चलते माननीय अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित कर दिया था। आरोपी उपरोक्त को उक्त मामले में एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। भगोड़े अपराधी के खिलाफ के आईपीसी की धारा 174 ए के तहत अलग से अलग अभियोग अंकित किया गया है। अपराधिक रिकॉर्ड मुताबिक आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थाना में अवैध हथियार रखने के आधा दर्जन मामला दर्ज होने पाए गए भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल में पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह ने किया ध्वजारोहण व परेड की ली सलामी

**अनिल मोहनियां नूंह**

स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से स्थानीय नई अनाजमंडी में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह व अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की तैयारियों का निरीक्षण करने के दौरान कहा कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को नई अनाजमंडी में ही भव्य व शानदार ढंग से मनाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री संजय सिंह मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के सभी विभाग इस समारोह के आयोजन के संबंध में सभी तैयारियां अच्छी प्रकार से कर लें। स्वतंत्रता दिवस एक राष्ट्रीय पर्व है, इसलिए इस समारोह का आयोजन बड़े ही गरिमामयी ढंग से किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने मार्च पास्ट की टुकडियों व स्कूली बच्चों



के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला के विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की अनेकता में एकता की झलक प्रस्तुत की जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को समारोह में मुख्यातिथि का आगमन प्रातः 9 बजकर 55 मिनट पर होगा। इससे पहले वे शहीदी स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय धुन पर ध्वजारोहण होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इस समारोह की गरिमा को देखते हुए सभी विभाग आवश्यक प्रबंध समय पर सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला के लोगों से अपील की कि वे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में हरियाणा पुलिस, हरियाणा महिला पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी गर्ल्स, स्काउट्ड्स एवं गाइड्डस की टुकडिया बैंड की धुन पर मार्च पास्ट करेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 6 स्कूलों की टीमें देश भक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। इसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं, युवाओं, विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम नूंह विशाल, एफएलएन कॉ-आर्डिनेटर कुसुम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**अनिल मोहनियां नूंह**



भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के तहत बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) ने मंगलवार को नूंह के आटा गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर जिले में एनीमिया के खतरे से निपटने के लिए जारी प्रयासों के तहत आयोजित किया गया। चूंकि नूंह में एनीमिया एक प्रमुख मुद्दा है, खासकर महिलाओं, बच्चों और किशोर लड़कियों में यह स्वास्थ्य शिविर आटा गांव के लोगो और स्थानीय समुदाय के बीच स्वास्थ्य, पोषण और प्रतिरक्षा में सुधार करने में काफी मदद करेगा। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों और तकनीशियनों की एक टीम ने 156 लोगों की विभिन्न जांचें कीं। ग्रामीण समुदाय के बीच एनीमिया की जांच और रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया गया। सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ लाभार्थियों के बीच मुफ्त दवाएं, पोषण किट और प्रतिरक्षा-बुस्टर पैक वितरित किए गए। वहीं शिविर में डॉ. कपिल शर्मा एसएमओ सीएनसी नूंह ने जिला स्वास्थ्य प्रशासन का प्रतिनिधित्व किया।

## नूंह जिला के विकास को गति दे रही है सरकार- जाकिर हुसैन



**अनिल मोहनियां नूंह**

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से करीब प्रदेश की 3400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के उद्दघाटन व शिलान्यास किए। इस दौरान उन्होंने जिला नूंह को करीब 16 करोड़ रुपये की 8 परियोजनाओं की सौगात दी। इन परियोजनाओं के उद्दघाटन व शिलान्यास के लिए जिला सचिवालय स्थित सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वक्फ बोर्ड हरियाणा के प्रशासक जाकिर हुसैन ने बतौर मुख्य अतिथि इन परियोजनाओं का उद्दघाटन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम में जाकिर हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश-प्रदेश में अनेक विकास कार्य हो रहे हैं। सरकार ने जिला नूंह को अनेक विकास कार्यों की सौगात दी है। जब भी प्रदेश में इस तरह के कार्यक्रम होते हैं, उसमें जिला नूंह की करोड़ों रुपए की परियोजनाओं के उद्दघाटन व शिलान्यास जरूर होते हैं। उन्होंने आज जिला नूंह को दी गई सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन में युवा अधिकारियों की टीम उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा के नेतृत्व में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। सरकार इस जिला पर विशेष रूप से मेहरबान है और यहां पर लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने बताया कि आज की परियोजनाओं में पंचायती विभाग की दो चरण की 70 गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने परियोजना शामिल थी, का शिलान्यास किया। इसके तहत प्रत्येक खंड के 10 ज्यादा आबादी वाले गांवों में स्ट्रीट लगाने का कार्य होगा। इस प्रकार स्वास्थ्य विभाग के फिरोजपुर झिरका स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 बेड के वार्ड भवन व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुन्हाना के परिसर में स्टूडियो अपार्टमेंट भवन का उद्दघाटन किया। इसी प्रकार सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में टीबी सेंटर भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुन्हाना में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिरोजपुर झिरका में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का शिलान्यास किया। इसके अलावा खंड पुन्हाना के गांव जैवंत में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 3 करोड़ 25 लाख रुपए से निर्मित नए स्कूल भवन का उद्दघाटन किया। इस भवन में 6 कमरे, पांच लेब व चार शौचालय बनाए गए हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के लिए विकास कार्य किए हैं। जिला नूंह को अग्रणी राज्य बनाने के लिए यहां पर आए दिन नई-नई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जा रहा है। सरकार सबका साथ-सबका विकास की नीति पर कार्य करते हुए समान रूप से विकास कार्य कर रही है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित गुलिया, नगराधीश अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल, भाजपा नेता नरेन्द्र शर्मा, बीरपाल कालियाका, जाहिद बाई सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने रचा इतिहास एनआईआरएफ रैंकिंग में स्किल यूनिवर्सिटी कैटेगरी में हासिल किया देश में दूसरा स्थान

**ज्योति खंडेलवाल,पलवल:-** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क की स्किल यूनिवर्सिटी कैटेगरी में दूसरा रैंक हासिल कर इतिहास रच दिया है। केवल आठ साल की विकास यात्रा में इस मुकाम पर पहुंचने वाला यह पहला विश्वविद्यालय बन गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा यह रैंकिंग जारी किए जाने पर विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल है। सभी ने इस उपलब्धि का श्रेय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू की नेतृत्व क्षमता को दिया। डॉ. राज नेहरू कहा कि यह सभी शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों की अथक मेहनत का परिणाम है।



कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा को सभी डीन और विभागाध्यक्षों ने बधाई दी और भविष्य के लिए और बड़े लक्ष्य अर्जित करने का संकल्प लिया। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि यह उपलब्धि बहुत ही गौरवपूर्ण है। इतने कम समय में विश्वविद्यालय ने यह मुकाम हासिल किया है। यह सब शिक्षकों और कर्मचारियों की मेहनत से संभव हो पाया है। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि भविष्य में हम नंबर वन रैंक के लिए तैयारी करेंगे। उन्होंने कहा कि बतौर कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कौशल शिक्षा का मॉडल पूरे देश को दिया है। आज देश भर से दूसरे राज्य भी उच्च शिक्षा में कौशल के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का अनुसरण कर रहे हैं। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि इससे आने वाले दिनों में कौशल के क्षेत्र में और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी और विद्यार्थियों को सीधे तौर पर इसका फायदा होगा।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने बताया कि इस रैंकिंग के लिए टीचिंग लर्निंग, रिसर्च, अकादमिक उपलब्धि सहित कई अन्य मानक बनाए गए हैं। इन सब में श्रेष्ठता प्रमाणित कर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने यह उपलब्धि प्राप्त की है। प्रोफेसर राठौड़ ने कहा यह सफलता के क्षेत्र में मील का पत्थर है।

इस अवसर पर डीन प्रोफेसर ऋषिपाल, डीन प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव, डीन प्रोफेसर कुलवंत सिंह, डीन प्रोफेसर ऊषा बत्रा, डीन प्रोफेसर जॉय कुरियाकोजे, प्रोफेसर ए के वाटल, उप कुलसचिव डॉ. ललित शर्मा, उप कुल सचिव चंचल भारद्वाज, उप कुलसचिव अंजू मलिक, डॉ. श्रुति गुप्ता, डॉ. संजय सिंह राठौर, डॉ. समर्थ सिंह, डॉ. सविता शर्मा, निदेशक डॉ. मनी कंवर सिंह और असिस्टेंट देवेंद्र गिरी भी उपस्थित थे।

## खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने पलवल जिले में 95 करोड़ रुपए की लागत से 6 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया

**ज्योति खंडेलवाल /पलवल:-** खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने पलवल जिले में 95 करोड़ रुपए की लागत से 6 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान संजय सिंह ने कहा की विनेश फौगाट को अपने फैसले पर विचार करना चाहिए और देश के लिए खेलना चाहिए। इस अवसर पर पलवल विधायक दीपक मंगला,होडल विधायक जगदीश नायर,हथीन विधायक प्रवीण डागर भी मौजूद थे। खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पूरे हरियाणा में करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। जिसमें पलवल जिले के गांव मानपुर में महिला कॉलेज तथा गांव खाम्बी में अस्पताल का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा पलवल व हथीन में विकास की अन्य परियोजनाएं शामिल है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश



को विकास में आगे ले जाने का कार्य कर रहे है। भाजपा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। पलवल जिले में करोड़ों रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही है। हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ी विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसी प्रकार से खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करते रहे और देश की झोली में मेडल डालने का काम करें। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है।

जिसमें आमजन अपनी भागीदारी दें और पर्यावरण को बचाने के लिए एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को आगे बढ़ाने में मदद करें।

## रक्तदान से बढ़कर कोई दान नही : धीरेंद्र खड़गटा

**अनिल मोहनियां नूंह**



उपायुक्त-कम- जिला रेडक्रॉस सोसायटी नूंह के अध्यक्ष धीरेंद्र खड़गटा तथा सचिव महेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने सर्व कल्याण मंच के सहयोग से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रेडक्रॉस भवन में किया। शिविर में फस्ट एड का प्रशिक्षण ले रहे 25 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर के सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र तथा रक्तदाता मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर सर्व कल्याण मंच हरियाणा नूंह के जिला अध्यक्ष जितेंद्र बघेल एवम मंच के सचिव बुधराम चौधरी ने सभी को जागरूक करते हुए बताया की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं और ये दान अमूल्य होता है। सभी आमजन को सोचना चाहिए कि आने वाली पीढ़ी को हम क्या देंगे। सभी को रक्तदान करते हुए किसी भी अनजान की जिंदगी बचाने का मौका मिलता है और उन्हें एक पोधा मां के नाम मुहिम में शामिल होना चाहिए। रेडक्रास के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने बताया कि हर वह व्यक्ति जिसकी उम्र 18 वर्ष हो उसका वजन 45 किलो से अधिक, उसका हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम हो तथा वह नियमित तौर पर दवाईयां न खाता हो वह युवा एवम व्यक्ति 90 दिनों के अंतराल तथा महिला 120 दिनों के बाद पुन रक्तदान कर सकते हैं। मलिक ने सभी युवाओं को रक्तदान अपने जन्मदिन, बुजुर्गों की पुण्यतिथि, शादी की सालगिरह तथा महापुरुषों की जयंती तथा शहीदी दिवस पर रक्तदान किया जा सकता है। शिविर के सफल आयोजन में रेडक्रॉस सोसायटी से नरेश कुमार, नितिन कुमार, भगवत, रामलाल एवम सर्व कल्याण मंच के पदाधिकारी प्रिंस शर्मा, हेमंत कुमार का अहम योगदान रहा।

## हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य भावी पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को जागृत करना : वक्फ बोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन

अनिल मोहनियां नूंह

हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को पलवल चौक से जिला सचिवालय तक आने वाली युवाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा को वक्फ बोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन व अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वक्फ बोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य हमारी भावी पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को जागृत करना है ताकि वे आगे चलकर देश के नवनिर्माण में अपना योगदान दें सके। उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय पर्व है और देश के सभी नागरिक सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें अपने घर पर तिरंगा फहराने का शुभ अवसर प्राप्त हो रहा है। तिरंगा हर भारतीय का गर्व है, इसी जज्बे के साथ देश के सम्मान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराए। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 1947 को जो देश को आजादी मिली थी आज पूरा देश



इसका जश्न मना रहा है। आजादी के लिए दशकों का संघर्ष रहा लाखों बलिदान व बहुत कड़े संघर्ष के बाद देश को आजादी मिली। आज जो आजाद हिंदुस्तान में हम सांस ले रहे है इसके लिए हमारे पूर्वजों ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में लंबा संघर्ष किया और नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव व अन्य शहीदों के संघर्ष का ही परिणाम है।

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के शहीद हमेशा-हमेशा के लिए स्मरणीय प्रेरित हो और इस यात्रा के दौरान गर्व महसूस करें। उन्होंने कहा कि आजादी हमें मुफ्त में नहीं मिली है, देश के हजारों क्रांतिकारियों और वीर जवानों ने अपना बलिदान देकर इस देश को खड़ा किया है। जिनको कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन सभी के बलिदानों को महसूस करने मात्र की आवश्यकता है। एडसी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य देश को आर्थिक व सामाजिक तौर पर पूर्ण विकसित करना है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को जागरूक कर देशभक्ति की भावना को प्रबल बनाना है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान बारे नागरिकों व युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। तिरंगा हमारा आन-बान और शान का प्रतीक है। हम सब मिलकर इसके सम्मान में काम करेंगें। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए अपने घर पर तिरंगा लगाएं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए तिरंगे से बढ़कड़ कुछ भी नहीं है। तिरंगा यात्रा से देश के प्रति देशभक्ति भाव पैदा करना और हर घर की छत पर तिरंगा लगाने बारे जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी मनोज शर्मा, बॉक्सिंग कोच मनोज कुमार, एथेलिटकस कोच राजेश, जूडो कोच रमन, खो-खो कोच धर्मेंद्र, वेटलिफ्टिंग कोच आबिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

## क्लर्क कर्मचारियों ने की हड़ताल



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की हड़ताल लघु सचिवालय गेट के सामने दूसरे दिन भी जारी रही। कर्मचारियों का कहना कि अब सरकार के जूठे आश्वाशन में हम नही आएंगे, जब तक सरकार वित विभाग से सम्मान जनक वेतन को लेकर नोटिफिकेशन जारी नही करेगी, हम धरना स्थल से नही जायेंगे, हम अपना धरना जारी रखेंगे। सरकार और बड़े अधिकारियों ने हमारी मांग को जायज ठहराया है परंतु वेतनमान बढ़ाने के लिए अभी तक कुछ नहीं किया है जो कि सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहा है। यदि सरकार द्वारा पिछले साल हमारी मांग को पूरा कर दिया होता तो आज लिपिक वर्गीय कर्मचारी हड़ताल पर नही होता। आम जन मानस को और सरकार हो रही परेशानी की पूर्ण रूप से हरियाणा सरकार जिम्मेदार है, लंबे समय से सम्मानजनक वेतनमान की लड़ाई लड़ रही क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी ने मजबूरन हड़ताल का आह्वान किया, क्योंकि सरकार मांग को लेकर कोई ठोस कदम नही उठा रही है। सरकार ने समय-समय पर जैसे की नर्सिंग स्टाफ, जूनियर इंजीनियर, पटवारी, एम पी एच डब्ल्यू, जेबीटी, ड्राइवर आदि विभिन्न कर्मचारियों का वेतनमान बढ़ाया है, परंतु सरकार ने लिपिक का 21700 का नोटिफिकेशन जारी करके सिर्फ ऊंट के मुंह में जीरा देने वाले काम किया है। अब यदि हरियाणा सरकार मांग पर कोई फैसला नहीं लेती तो मजबूरन हमें हड़ताल को अनिश्चितकाल हड़ताल में बदलने का काम करना पड़ेगा।

## अलग राजधानी और अलग हाईकोट का वकिलो ने उठाया मुद्दा



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय की आवश्यकता है यह हरियाणा की असली मांग है। ये मुद्दा जिला बार एसोसिएशन कार्यालय फरीदाबाद में उठा। जहां हरियाणा बनाओ अभियान द्वारा हरियाणा की अलग राजधानी और अलग हाईकोर्ट के मुद्दे पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एम एस चोपड़ा, पूर्व उप सचिव भारत सरकार ने हरियाणा की बेहतरी और हरियाणा की संस्कृति की मजबूती के लिए नई राजधानी और हरियाणा के अलग उच्च न्यायालय के महत्व को व्यक्त किया। ओपी शर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन केपी तवेतिया पूर्व अध्यक्ष डीबीए, आरसी प्रसेर, राजकुमार भाटी पूर्व सचिव डीबीए और संदीप सेठी पूर्व अध्यक्ष टैक्स बार एसोसिएशन सहित अन्य वक्ताओं ने भी अलग उच्च न्यायालय और नई राजधानी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधिमंडल में एम एस चोपड़ा, पूर्व उप सचिव भारत सरकार, रणधीर सिंह बधरान पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल पंजाब और हरियाणा, एडवोकेट रविकांत सैन सह संयोजक हरियाणा बनाओ अभियान, एडवोकेट गोपाल गोयत व अन्य मौजूद रहे हरियाणा को अपनी नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय की आवश्यकता है आपको इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि यह हरियाणा की असली मांग है।

## देश का तिरंगा झंडा सैक्टर वासियों के दिलों में बसता है



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** ब्लॉक डी टू निवासियों ने मंगलवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जिसमें ब्लॉक सेक्टर 10 के हर घर से महिलाओं व पुरुष ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा ब्लॉक डीटू से प्रारंभ होते हुए कोर्ट परिसर व सैकटर नौ व ग्यारह से होती हुई समुदायिक भवन सैकटर 10 मे जाकर समाप्त हुई। ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन ने कहा कि आज हम अपने घरों पर सुख-चैन के साथ अपना जीवन बिता रहे हैं, क्योंकि हमारी सेना के जवान सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। ब्लॉक निवासी व पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बीसला व वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि देश का झंडा तिरंगा हमारे दिलों की धड़कन है। ब्लॉक के महासचिव अनूप वशिष्ठ एडवोकेट व उप प्रधान दीपा शर्मा ने कहा भारत बनाने में पटेल जी का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए इनके स्टेचू को स्टेचू ऑफ लिबर्टी कहा जाता है। स्वाधीनता दिवस को बड़े स्तर पर समुदायिक भवन सेक्टर 10 के पार्क में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा तिरंगा यात्रा के अलावा निबंध भाषण नुक्कड़ नाटक कला साहित्य विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी इस मौके पर समाजसेवी वीरेंद्र शर्मा ने कहा की ब्लॉक के अन्दर तकरीबन सौ पौधे लगाए गए हैं जिन की देखभाल करने की जिम्मेदारी ब्लॉक वासियो ने ली है और उन्होंने कहा है की हर पौधे को व अपने बच्चों की तरफ पालेंगे। इस मौके पर भाजपा महिला मंडल प्रधान प्रभा सोलंकी सीमा वशिष्ठ, सोनू, देवराज चौहान, सरोज, हरीराम चौहान, रोशनी बबूल चौहान, सुरेश कुमार, मोहन कुमार, विजयकुमार, विनय कुमार आदि सैकड़ों निवासी मौजूद थे।

## जूनियर रेडक्रॉस ने निकाली हर घर तिरंगा रैली

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार स्वाधीनता के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड सदस्यों द्वारा सराय ख्वाजा मेन मार्केट फरीदाबाद एवं समीपवर्ती कालोनियों से हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा रैली में जूनियर रेडक्रॉस तथा ब्रिगेड सदस्य विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। मनचंदा ने युवाओं से हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के अंतर्गत सभी को देशभक्ति के रंग में सरोबार हो कर एक होने की अपील की। तिरंगा रैली में उन्होंने सभी छात्राओं, अध्यापकों गीता, सरिता, पवन कुमार, दिनेश सिंह, धर्मपाल शास्त्री और अन्य सदस्यों का सम्मिलित होने पर हर घर तिरंगा यात्रा सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# बरसाती पानी ने लगाया नेशनल हाइवे पर जाम



बाटा फ्लाईओवर से अजरौंदा तक लगा जाम: फोटो— ओमप्रकाश पंचाल



बाटा मोड पर भरा पानी। फोटो— ओमप्रकाश पंचाल



नीलम पुल पर जाम में फंसी एम्बुलेंस। फोटो— ओमप्रकाश पंचाल

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे रविवार और सोमवार की शाम को तथा मंगलवार को सुबह हुई बारिश में नहर में बदल गया। बीच हाईवे की दोनों साइड की पूरी 6 लेन और दोनों सर्विस रोड पर दो से ढाई फुट तक जलभराव हो गया। सुबह में तेज बारिश और नालों की सफाई न होने की वजह से हाईवे पर हुए जलभराव में कारें और दो पहिया वाहन बंद हो गए, जिससे जाम लगना शुरू हो गया।

सुबह आठ बजे से लेकर रात 9 बजे तक हाईवे पर दोनों साइड में जाम बना रहा। हालांकि पम्प और टैंकरों के माध्यम से पानी निकालने का प्रयास शुरू किया गया, लेकिन इस दौरान जाम से लोगों को रूबरू होना पड़ा और पर नाले चोक होने के कारण पानी फेंकने में नाकाम रहे। हजारों वाहनों के जाम में फंसने के कारण लोग परेशान रहे। जिन्हें रूट की जानकारी थी, वह उन्होंने फ्लाईओवर के नीचे से बाईपास की तरफ अपने वाहन कर लिए, लेकिन जो अंजान थे, वे जाम में जूझते रहे।

### दो से ढ़ाई फुट पानी में लगा जाम

हाइवे पर पानी की निकासी शुरू से ही न के बराबर है, जरा सी बरसात में पानी भर जाता है और जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। जाम का मुख्य कारण सड़कों का खराब होना है और नेशनल हाईवें पर दोनों तरफ रॉंग साइड वाहनों का चलना तथा सड़कों के दोनों तरफ कब्जे होना है। ऐसे में जाम के कारण लोगों का समय खराब हो रहा है। ऐसा ही नेशनल हाइवें पर देखने को मिला, दस मिनट वाला रास्ता दो से तीन घंटे में पार हो रहा था। वहीं नेशनल हाइवें पर जाम के कारण लोग यहां से वहां अपने वाहनों को अन्य इलाकों में ले जाने का प्रयास करते नजर आए, जिससे नीलम चौक, बाटा चौक समेत बल्लभगढ़ सहित अन्य चौकों पर जाम लग गया। फ्लाईओवर का इस्तेमाल अधिक होने के कारण लोग लम्बे जाम में फंसे नजर आए। ऐसा ही यहां देखने को मिला। लोगों का कहना थ कि यह समस्या हर बारिश में होती है। जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। हालांकि इस दौरान नगर निगम के बजाय ट्रैफिक पुलिस ने सड़कों को जाम से मुक्त करवाने के लिए गड्ढे भरने का काम भी किया और जाम से लोगों को मुक्ति दिलवाने के लिए लगातार बरसात में भी ड्यूटी दी।

# गांव भतौला में विधायक राजेश नागर का स्वागत, मौके पर निपटाई समस्याएं

## बोले, हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए वोट करें



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा के राजेश नागर का गांव भतौला में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ओमप्रकाश चंदीला के निवास पर आयोजित इस समारोह में विधायक राजेश नागर का फूल माला और चांदी की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह में पहुंचे विधायक राजेश नागर से ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याएं भी बताईं जिनका अधिकारियों से कहकर मौके पर ही निदान किया गया। नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा की जनता ने उन्हें बहुत प्रेम और समर्थन दिया है। यह प्रेम समर्थन दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इसमें कोई संशय भी नहीं है। फिर भी मैं आप लोगों से अपील कर रहा हूं कि तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार लाने के लिए मतदान करना। मैं आपके बीच रहने वाला प्रतिनिधि हूं।

विधायक राजेश नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिन रात मेहनत कर हरियाणा को नित नई ऊंचाई देने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में भर्ती अटकाने वाले गैंग परेशान हैं कि वह नौकरियों को क्यों रुकवा नहीं पा रहे हैं। बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरियां देने वाले सीएम नायब सिंह सैनी के प्रति लोगों में इतना प्रेम है कि वह जहां भी जाते हैं, वहां भाजपा संगठन के साथ साथ आम लोग भी बड़ी संख्या में जुटते हैं और सीएम द्वारा हाल ही में ग्रुप डी और शिक्षकों की भर्ती करने पर धन्यवाद अदा कर रहे हैं। विधायक राजेश नागर ने लोगों से कहा कि सीएम सैनी ने तिगांव के लिए किसी भी प्रस्ताव को न नहीं कहा है। इसलिए हमें हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार चुनना है।

इस अवसर पर सुरेंद्र पार्षद, वीर सिंह नंबरदार, अतर सिंह नंबरदार, सिंह राज, लिक्खी, चरण सिंह, राम सिंह, हवलदार संतराम, ओमकार प्रधान, फिरे चंदीला, सुभाष नेताजी, बलजीत, अजब चंदीला, अजीत चंदीला, नेम भाटी, रतन सिंह वकील, चरण पाल, संतराम, अशोक चंदीला, खैर सिंह, लाला चंदीला, पंकज चंदीला, रामजीलाल नेताजी, जगराम चंदीला, धर्मेंद्र चंदीला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल में अतिरिक्त उपायुक्त ने तिरंगा फहराते हुए ली परेड की सलामी





(स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी: फोटो ओमप्रकाश पंचाल)

### परेड कमांडर अमन यादव के नेतृत्व में पुलिस के जवानों संग विद्यार्थियों ने की कदमताल

### देशभक्ति से ओतप्रोत एवं सामाजिक संदेश प्रसारित करते सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी मनोहारी प्रस्तुतियां



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** हेलीपैड ग्राउंड में मंगलवार को हुई स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि तिरंगा फहराते हुए स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों को नमन किया। साथ ही उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव शामिल होंगे।

स्वांतत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ पुलिस बल ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मुख्यातिथि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद मार्च पास्ट किया, जिसका नेतृत्व परेड कमांडर के रूप में एसीपी अमन यादव कर रहे थे। बैंड की मधुर ध्वनि के साथ परेड में सबसे आगे पीएसआई ललित कुमार के नेतृत्व में पुलिस के जवानों की टुकड़ी कदमताल करते हुए आगे बढ़ी, जिनके पीछे पीएसआई कविता के नेतृत्व में महिला पुलिस की टुकड़ी, एसआई बंसीलाल की अगुवाई में होमगार्ड की टुकड़ी, योगेश दिवाकर के नेतृत्व में एनसीसी की जूनियर विंग, रितेश राव के नेतृत्व में सेंट जॉंस एंबुलेंस ब्रिगेड व प्रिंस के नेतृत्व में एनसीसी की नेवी जूनियर विंग तथा अभिषेक के नेतृत्व में स्काउट और शाइना के नेतृत्व में प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी ने कदम से कदम मिलाये। मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली। परेड के बाद विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक डंबल व पीटी शो का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद देश भक्ति तथा सामाजिक संदेश प्रसारित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई, जिसकी शुरूआत सर्वोदय अस्पताल के मूक-बधिर नन्हें-मुन्नों ने देशभक्ति के संदेश के साथ की। इसके बाद स्वच्छता का संदेश दिया गया। राजकीय कन्या वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद की छात्राओं ने अपनी प्रेरक प्रस्तुति से स्वच्छता पर बल दिया। इसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों ने देशभक्ति के जज्बे को हिलोरें देने वाली दमदार प्रस्तुति दी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी-2 की छात्राओं ने बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए राष्ट्र को नमन किया, जिसके बाद राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी-5 की छात्राओं ने हरियाणवी समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। अंत में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी-3 की छात्राओं ने अपनी जानदार प्रस्तुति से खेलों में बढ़ते मजबूत कदमों को खुबसूरती के साथ दर्शाया। फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न होने के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डीसीपी जसलीन कौर, एसडीएम शिखा आंतिल, नगराधीश अंकित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## सीएम फ्लाईंग ने जिला पलवल में समाज कल्याण विभाग का किया औचक निरीक्षण



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उडन दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जिला समाज कल्याण विभाग पलवल कार्यालय में बुढ़ापा व अन्य पेंशन बनाने के कार्य मे लेट लतीफी की जा रही है। जिससे आमजन को असुविधा हो रही है। यदि इस कार्यालय का अचानक निरीक्षण किया जाए तो अन्य अनियमितताए सामने आ सकती हैं। इस सूचना के सम्बंध में राजदीप मोर डीएसपी मुख्यमंत्री उडन दस्ता फरीदाबाद के नेतृत्व में राजेन्द्र कुमार, सतबीर सिंह उप निरीक्षक व एएसआई शिव कुमार द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग पलवल कार्यालय का महाबीर क्लर्क की हाजरी में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डीएसडब्ल्यूओ का पद वर्तमान समय मे रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त इस कार्यालय में कुल 11 कर्मचारी तैनात होने पाए गए तथा कोई भी कर्मचारी गैरहाजिर नही मिला। निरीक्षण के दौरान ऊरहड कार्यालय में बुढ़ापा पेंशन व अन्य के 2219 आवेदन तसदीक के लिए लंबित होने पाए गए। इसके अतिरिक्त बुढ़ापा पेंशन व अन्य आवेदन पत्रों की तसदीक के लिए सीआरआईडी नामक संस्था जो अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के अधीन काम करती है को भी अधिकृत किया हुआ है, जिनके पास 1663 आवेदन पत्र तसदीक के लिए लंबित पाए गए। निरीक्षण पर सीएम पोर्टल पर कुल 1590 शिकायतें पोर्टल पर प्राप्त होनी पाई गई। जिनमें से 1458 का निपटारा किया जा चुका है व 132 शिकायतें लंबित हैं जिनमे में से 125 शिकायते ओवर्ड्यु लंबित होनी पाई गयी। 2 शिकायते जन संवाद कार्यक्रम में प्राप्त हुई। दोनों ओवर ड्यु पाई गई। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के संबंध में रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी।

## मजिस्ट्रेट रितु यादव ने कानूनी सहायता क्लीनिक का किया उद्घाटन



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** अनंगपुरिया लॉ विद्यालय संस्थान ने 12 अगस्त 2024 को प्रथम वर्ष केविद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। अपने जीवन में कॉलेज के सुनहरे सफर की शुरूआत करने जा रहे नए विद्यार्थियों के चेहरे पर जिज्ञासा और उत्साह का भाव था। मुख्यन्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रितु यादव व रविन्द्र गुप्ता, मुख्य बचाव पक्ष वकील, जिला एवं सत्र न्यायालय फरीदाबाद, ने कानूनी सहायता क्लिनिक का शुभारंभ अनंगपुरिया लॉ विद्यालय आलमपुर में किया। जिसका मुख्य उद्देश्य आसपास के जरूरतमंद ग्रामीणों और गरीब वर्गों को नैदानिक कानूनीशिक्षा और सामाजिक-कानून के बारे में जागृत करना, सामाजिक-कानूनीसमस्याओं के संबंध में डेटा एकत्र करने के लिए सर्वेक्षण आयोजित करकेकानूनी अनुसंधान को बढ़ावा देना। कानूनी साक्षरता कार्यक्रम अनंगपुरिया लॉ विद्यालय द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है जो सराहनीय है। इसमें उन्हें कानून के बारे में जानकारी के साथ-साथउनके प्रश्नों के उत्तर दिए जाएंगे और उनसे आग्रह किया जाएगा कि यदि उन्हें आवश्यकता हो तो सलाह/सहायता के लिए अनंगपुरिया लॉ विद्यालय आलमपुर केंद्र से संपर्क करें। इसी अवसर पर अनंगपुरिया लॉ विद्यालय के द्वारा आयोजित किए गए ओरियंटेशनप्रोग्राम में कानून के नए बैच के विद्यार्थियों को, महानिदेशक प्रोफेसर डॉक्टर रूप कृष्ण खारजी, प्रबंध निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर शिव कुमार यादव और उप प्रधानाचार्य डॉ. करण सिंह गौर जी ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियोंको प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में कामयाबी हर व्यक्ति कासपना होता है जिसे पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम अनुशासन जरूरीहै। मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट रितु यादव ने भी विद्यार्थियों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। सेवानिवृत्त डिस्टिक एंड सेशन जज जयदेव पराशर, ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य में आगे बढ़नेके लिए प्रेरित किया। ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र सिंह इन्होंने ट्रैफिक और साइबर क्राइम से संबंधित नियमों की जानकारी दी। इसी कड़ी में आगे पौधारोपण भी किए गए।

## केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा ने निकाली बल्लभगढ़ विधानसभा में तिरंगा यात्रा



समाचार गेट/सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा ने निकाली बल्लभगढ़ विधानसभा में तिरंगा यात्रा अंबेडकर चौक से शुरू की गई तिरंगा यात्रा मैन बाजार बल्लभगढ़ से होते हुए सेक्टर 2 किया गया यात्रा का समापन। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने यात्रा पर कहा वीर शहीदों के सम्मान में सभी जगह निकाली जा रही है तिरंगा यात्रा। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा का महत्व आने वाली पीढ़ियां को शहीदों की शहादत के बारे में जानकारी देना है ताकि उनको पता चल सके कि देश को आजाद करने में किन-किन वीर शहीदों ने बलिदान दिया है। कांग्रेस द्वारा मांगे जा रहे हिसाब पर बोले केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर कहां जिनके खुद के खाते हैं खराब वह किसी से क्या मांगेंगे हिसाब, उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता ने हिसाब दिया है और एनडीए की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के चुनाव में हम अपने कार्यकाल का पाई पाई हिसाब जनता के सामने देंगे। यह भी कहा कि आगामी हरियाणा चुनाव में भी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। इस मौके पर उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

## संपादकीय

### कट्टरपंथियों के हमले से संबंधों में खटास आना तय



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

हिन्दुओं पर इतना अत्याचार होने के बावजूद उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाना तो दूर इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों ने इसकी तीखी आलोचना तक नहीं की। इस आलोचना में भी विपक्षी दलों को मुस्लिम वोट बैंक खतरे में नजर आता है। साफ जाहिर है कटु आलोचना करने का मतलब है कट्टरपंथी मुसलमानों की आलोचना करना। विपक्षी दलों के लिए ऐसा करना आसान नहीं है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों को अनिवार्य रूप से नेमप्लेट लगाने के फैसले पर विपक्षी दलों ने जमकर हायतौबा मचाई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा था कि जैसे दिया बुझने से पहले फड़फड़ाता है, वे सांप्रदायिक राजनीति का दिया फड़फड़ा रहा है इसलिए ऐसे फैसले ले रहे हैं। जेडीयू का कहना था कि धर्म और जाति के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि क्या हिंदुओं का बेचा गया मीट, दाल-चावल बन जाएगा? ठीक वैसे ही कोई अल्ताफ या रशीद आम-अमरूद बेच रहा है, वो गोश्त तो नहीं बन जाएगा। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा था कि पश्चिमी उप्र व मुजफ्फरनगर जिला के कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश एक गलत परम्परा है, जो सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। मुसलमानों के हर मुद्दे पर संविधान की दुहाई देने वाले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे घोर अत्याचारों पर लचर बयान देकर इतिश्री कर ली। इसके विपरीत ओवैसी ने कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस की कटु आलोचना की थी। ओवैसी ने इसकी तुलना दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद और जर्मनी में हिटलर के तानाशाही फैसले से करते हुए कहा कि इसे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद कहा जाता था और हिटलर की जर्मनी में इसका नाम जूडेनबॉयकॉट था।

हिन्दुओं के हितों के मुद्दों पर विपक्षी दलों का रवैया पूर्व में भी ऐसा ही रहा है। कनाडा में एडमोंटन शहर में स्थित बीएपीएस स्वामिनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई और दीवार पर पेंट कर दिया गया। कनाडा में पहले भी हुए मंदिरों पर हमले होते रहे हैं। खालिस्तान समर्थक यहां अक्सर हिंदू मंदिरों को निशाना बनाते हैं। अगस्त 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया था और खालिस्तानी जनमत संग्रह का पोस्टर लगा दिया गया था। इसके अलावा भी ब्रिटेन, अमरीका सहित कई देशों में हिन्दुओं और उनके धार्मिक-व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर हमले होते रहे हैं। इसके बावजूद विपक्षी दलों ने हिन्दु विरोधियों को कभी निशाने पर नहीं लिया। ऐसे मुद्दों पर विपक्षी नेताओं के बयान तक नजर नहीं आते। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अमरीका यात्रा के दौरान भाजपा के कारण भारत के संविधान को खतरे में बताया था। वही राहुल गांधी बांग्लादेश में हिंदुओं के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।

खास बात यह है कि बांग्लादेश में यह हालत तब है जबकि भारत ने कदम-कदम पर उसका साथ दिया है। भारत ने न सिर्फ पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों का शिकार बांग्लादेशियों को आजादी दिलाई बल्कि बांग्लादेश को पैरों पर खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बांग्लादेश भारत की बिजली और अन्य मदद पर निर्भर है। भारत का बांग्लादेश में अरबों का निवेश है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्ष 2022-23 के बीच दोनों देशों के बीच का कुल व्यापार 15.93 बिलियन अमेरिकी डालर रहा है। ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों देश कई प्रोजेक्ट्स पर संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। बांग्लादेश वर्तमान में 1160 मेगावाट बिजली भारत से आयात कर रहा है। दोनों देशों के बीच भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन बेहद अहम है। भारत ने पिछले एक दशक में बांग्लादेश को सड़क, रेलवे, बंदरगाहों के निर्माण के लिए हजारों करोड़ रुपये दिए हैं। भारत के हाथ खींचने से बांग्लादेश के कई प्रोजेक्ट्स रुक सकते हैं। बांग्लादेश पहले से ही चीन का कर्जदार है। चीन का कर्जा इतना बढ़ चुका है कि चीन अब बिना कुछ लिए मदद नहीं करने वाला है। ऐसे में कट्टरपंथियों के हिन्दुओं पर हमले से बांग्लादेश से भारत के संबंधों में खटास आना तय है। इसका खामियाजा बांग्लादेश को भुगतना पड़ेगा।

# हड़ताल के 19वें दिन एनएचएम कर्मियों ने सड़कों पर रैली निकालकर मांगी भीख





**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों के एनएचएम कर्मचारियों ने सांझा मोर्चा के बैनर तले कार्मिक अनशन किया और आक्रोश व्यक्त करते हुए रैली निकालकर सार्वजनिक स्थानों पर भीख मांगी।

कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर बीके के धरना स्थल से नीलम चौक तक निकाली। सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए एनएचएम की सुध ना लेने पर जिला फरीदाबाद उप प्रधान जया व भारती ने कहा सरकार सर्विस बाई लॉज के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ ना कर और एन एच एम कर्मचारियों की मांगो पर जल्द विचार करे, अन्यथा वो दिन दूर नहीं हरियाणा प्रदेश के एन एच एम कर्मचारी एक ठोस निर्णय लेने पर मजबूर हो गये और कर्मचारियों का आंदोलन एक बहुत बड़ा रूप ले जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। स्वास्थ्य विभाग एचएम में कार्यरत कर्मचारी आज 19वें दिन भी हड़ताल पर रहे और कर्मचारियों में सरकार द्वारा उनकी मांगे ना सुनी जाने को लेकर बहुत ही ज्यादा रोष व्याप्त है कर्मचारी सरकार से बहुत नाराज हैं कि 19 दिन बाद भी उनकी सुध नहीं ली जा रही है और कर्मचारियों ने यह सोच लिया है कि जब तक सरकार द्वारा एनएचएम की मांगों को लिखित में पूरा नहीं किया जाता तब तक वह दरी नहीं उठाएंगे।

# फरीदाबाद में भी उठा महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या का मामला

## मेडिकल छात्रों ने रोष प्रकट कर निकाला कैंडल मार्च






**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने सख्त रुख दिखाया है। कोर्ट ने इस घटना को बहुत ही भयानक बताया है। लेकिन वहीं देशभर में गुस्सा अभी तक भी शांत नहीं हुआ है। इसका असर जहां सोमवार को पूरे देशभर में देखने को मिला। वहीं फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के पोस्टग्रेजुएट स्टूडेंट कांउसिल के बैनर तले यह मुद्दा उठाया। जिसमें उन्होंने काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रकट करते हुए अपनी ड्युटी की, वहीं ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज से लेकर बीके चौक तक देर शाम एक कैंडल मार्च निकाला। इसके अलावा उन्होंने सुबह दस से 11 बजे तक पैन डाउन हड़ताल भी की। वहीं एक से दो बजे तक उन्होंने ओपीडी के बाहर रोष प्रकट किया। कैंडल मार्च में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के सहित स्टुडेंट सभी ने भाग लिया।

## बांग्लादेश में हिन्दु परिवारों पर सुनियोजित अत्याचारों के सन्दर्भ में सौंपा ज्ञापन



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** विश्व हिन्दु परिषद के द्वारा बाग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने हेतु भारत सरकार को पत्र सीटीएम के माध्यम से सौंपा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि हमारा पड़ोसी बाग्लादेश हिसा एवं अराजकता से ग्रसित है। निर्वाचित प्रधानमंत्री के त्यागपत्र देने और देश छोड़ने के बाद अराजक तत्व प्रभावी हो गए हैं। कानून व्यवस्था सर्वथा निष्प्रभावी हो चुकी है। इस अराजक स्थिति में वहाँ के अतिवादी जिहादी तत्वों ने हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर उत्पीडन शुरू कर दिया है। बाग्लादेश में पिछले कई दिनों से हिन्दू, अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवम् घरों को नुकसान पहुंचाया गया है। बांग्लादेश के प्रत्येक जिले में वह वीभत्स कुकृत्य होने की सूचना है। कट्टरपंथियों के निशाने से शमशान तक नहीं बचे है। मंदिरों को भारी क्षति पहुंचाई गयी है। बांग्लादेश में शायद ही कोई जिला बचा हो जो इनकी हिंसा व आतंक का निशाना न बना हो। समय समय पर निस्तर अन्तराल पर होने वाले ऐसे दंगों का ही परिणाम है कि बांग्लादेश में हिंदू जो विभाजन के समय 32 प्रतिशत थे, अब आठ प्रतिशत से भी कम बचे हैं और वे भी लगातार जिहादी उत्पीडन के शिकार है। बांग्लादेश में हिंदुओं के घर, मकान, दुकान ऑफिस व्यवसायिक प्रतिष्ठान व महिलाएं, बच्चे व उनकी आस्था र विश्वास के केंद्र मन्दिर तक सुरक्षित नहीं है। वहां पीड़ित अल्पसंख्यक हिन्दुओं की हालत बद से भी बदतर होती जा रही है।

**अत्याचार के बारे में ज्ञापन :** वहीं हिन्दु जागरण मंच ने भी ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि सर्वविदित है कि कुछ समय पहले अफगानिस्तान में सता परिवर्तन के नाम पर अफगानिस्तान को हिन्दू विहिन कर दिया गया ठीक उसी प्रकार आज बांगलादेश के ताजा हालात सर्वविदित है। वहां भी सता परिवर्तन आंदोलन के दौरान किस तरह हिन्दू बौध और वहां के अन्य अल्पसंख्यकों के साथ हुई बर्बर्ता, लूट पाट निर्मम हत्याएँ, महिलाओं के साथ गैंग रेप और उनके धार्मिक स्थानों को तोड़ा जा रहा है। पड़ोसी देश में हो रही इस घटना से भारत का समस्त हिन्दू समाज आहत हो रहा है। हिन्दू समाज आपके माध्यम से भारत की वर्तमान सरकार से निवेदन करता है कि इस गंभीर हालात से निपटने व पड़ोसी देश में शान्ति स्थापित करने हेतू शाम दाम दण्ड भेद किसी भी निति का प्रयोग करके वहां रह रहे निर्दोष हिन्दुओं की सुरक्षा को निश्चित किया जायें।

# प्रियंका मनोज अग्रवाल द्वारा आयोजित 'नारी न्याय आंदोलन' में उमड़ा जनसैलाब



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा ने केंद्र की भाजपा सरकार मांग करते हुए कहा कि राजनीतिक न्याय के तहत 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू किया जाए और इस आरक्षण में एससी-एसटी और पिछड़े वर्ग की ओबीसी बहनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, वहां भी इस पर चर्चा कर इसे लागू किया जाए, जिससे कि महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकार मिल सके। अलका लाम्बा मंगलवार को बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-3 स्थित गोल्डन पैलेस रिजॉर्ट में बल्लभगढ़ की पीसीसी डेलीगेट और महिला कांग्रेस की महासचिव प्रियंका अग्रवाल द्वारा आयोजित ह्यनारी न्याय आंदोलनह्ण में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रियंका अग्रवाल व महिला कांग्रेस की सभी पदाधिकारियों ने अलका लाम्बा का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई का शिकार हो रही हैं, जिस कारण महिलाओं को घरेलू हिंसा भी सहनी पड़ रही है। उन्होंने महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण करने की मांग भी रखी। अलका लांबा ने आगे कहा कि चुनाव के वक्त बीजेपी लोगों से केवल वोट लेने के लिए झूठे वादे करती है, लेकिन अब हरियाणा की महिलाएं भाजपा की कथनी और करनी के फर्क को समझ चुकी हैं। ऐसे में प्रदेश की महिलाएं जुमलेबाजी में नहीं आने वाली हैं, उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। प्रदेश में जब भी चुनाव हुए हैं, महिला कांग्रेस ने उसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। महिला कांग्रेस ही केवल ऐसा संगठन है जो हर घर के चूल्हे तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि इस बार भी विधानसभा चुनाव में प्रदेश भर में महिला कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा सरकार के झूठे वादों की पोल खोलेगी। इस दौरान हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने कहा की भाजपा सरकार 10 साल से लोगों को सिर्फ जुमले दे रही है। भाजपा ने अपने शासनकाल में जनता के हित में एक भी कार्य नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा कि नारी न्याय आंदोलन बल्लभगढ़ में आयोजित किया गया है जिसका श्रेय महासचिव प्रियंका मनोज अग्रवाल की कड़ी मेहनत को जाता है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर सभी रिकॉर्ड तोड़ने का काम किया है। वहीं कार्यक्रम की आयोजक प्रियंका अग्रवाल ने अपने संबोधन के दौरान भाजपा सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा की बल्लभगढ़ विधानसभा के स्थानीय विधायक इस सरकार में कैबिनेट मंत्री के पद पर लंबे समय से विराजमान हैं लेकिन इस बाद भी पूरा बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र बुनियादी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। आज पूरा बल्लभगढ़ कूड़े और गंदगी के टापू में तब्दील हो चुका है। घरों के नल पानी को तरस रहें हैं और इलाके की सडकें सीवर के गंदे पानी से सराबोर हैं। भाजपा सरकार की नाकामी और निष्क्रियता से तंग आकर आज बल्लभगढ़ की जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है और आगामी विधानसभा चुनाव में अपने वोट की ताकत से इस निकम्मी सरकार उखाड़ फेंकने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने नारी न्याय आंदोलन की ऐतिहासिक सफलता का श्रेय बल्लभगढ़ की देवतुल्य जनता को देते हुए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी शिल्पी अरोड़ा, फरीदाबाद जिला प्रभारी मयूरी सिंह, उमा सोनी, महिला कांग्रेस महासचिव सोनू चौधरी, फरीदाबाद जिलाध्यक्ष सुनीता फागना, महिला कांग्रेस महासचिव गजना लांबा, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष नेहा खान, पलवल जिलाध्यक्ष सविता चौधरी, बल्लभगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अनिता शर्मा, धर्मवती शर्मा, सेवादल सचिव सगीरन खान, सेवादल सचिव नसीमा शेख, फरीदाबाद प्रभारी रश्मि शर्मा सहित हजारों की संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## डीसीपी एनआईटी ने किया पौधारोपण

**समाचार गेट ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह और एसीपी एनआईटी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत डीसीपी एनआईटी कार्यालय के सामने पार्क में पौधारोपण कर आमजन को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एक अनोखा और प्रेरक अभियान है जिसका उद्देश्य पेड़ों को लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। इस अभियान के तहत लोग अपनी माताओं के नाम पर पेड़ लगाते हैं और उनकी देखभाल करते हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान एक सराहनीय प्रयास है जो पर्यावरण संरक्षण और माताओं के सम्मान को बढ़ावा देता है। हमें इस अभियान को सफल बनाने के लिए एकत्र होना चाहिए।

## अनिल कुमार ने छांयसा थाना क्षेत्र के 10 गांवों को किया नशा मुक्त घोषित

**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी मैडिकल कालेज छांयसा एवं गांव के सरपंचों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से समय-समय पर जागृति अभियान एंव परामर्श कैम्प आयोजित किये गये, जिसके परिणाम स्वरुप थाना छांयसा क्षेत्र के चांदपुर, जवां, अरुआ, नंगला मोटुका, हीरापुर, पहैंडा कलां, गढखेडा, शाहपुर खादर, ईमामुदीनपुर एवं लहंडोला गांव को नशा मुक्त किया गया है। जिस पर पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ द्वारा उक्त सभी गांव को नशा मुक्त घोषित किया गया। इस उपलक्ष्य पर पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ ने उक्त सभी गांव के सरपंचों द्वारा पुलिस विभाग के साथ मिलकर योगदान देने पर उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ अनिल कुमार ने उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि आज युवा वर्ग गलत संगत में नशे का शिकार हो रहे है। समाज से नशे को पूर्ण रुप से खत्म करने के लिए हम सभी की सामुहिक जिम्मेदारी एंव भागीदारी विशेष महत्व रखती है। पुलिस उपायुक्त ने आगे कहा कि जिस प्रकार इन गांवो के सरपंचों ने नशे के खिलाफ व्यक्तिगत रुप से रुचि लेकर अपने गांव को नशा मुक्त करने मे आग्रणीय भूमिका निभाई है उनका फरीदाबाद पुलिस तह दिल से धन्यवाद करती है।

# बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 1835 श्रमिकों के खाते में डाले गए 2 करोड़ 95 लाख रुपए : मूलचंद शर्मा



**समाचार गेट/ओमप्रकाश पंचाल**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार का हर संभव प्रयास है कि पंजीकृत श्रमिकों को उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही योजना का लाभ हर हाल में मिले। हरियाणा प्रदेश के उद्योग वाणिज्य, श्रम, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले तथा चुनाव मंत्री मूल चंद शर्मा ने बल्लभगढ़ अनाज मंडी में आयोजित श्रम जागरूकता समारोह की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह की यह सोच है कि गरीब एवं पात्र जरूरतमंद लोगों को उनका हक दिया जाए। सरकार को विधायक या मंत्रियों की नहीं बल्कि गरीब आदमी के हकों की चिंता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना के तहत श्रम विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन करने पर श्रमिकों के खाते में करने पर 48 घंटे के अंदर है 1100 रुपए आते हैं। श्रम विभाग ने श्रमिकों के परिवारों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के विकास के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं जिसमें श्रमिकों की बेटी की शादी स्कूली छात्राओं को स्कूटी देने, महिलाओं के काम के लिए सिलाई मशीन देने, औजार खरीदने आदि योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में बड़ा ऐतिहासिक कार्य करते हुए बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 1835 श्रमिकों के खाते में 2 करोड़ 95 लाख रुपए की राशि सीधे सरकार से उनके खातों में भेजने का काम किया गया है और इसके अलावा जितने भी मजदूर जिन्होंने अभी तक श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वह एक सप्ताह के अंदर अपना रजिस्ट्रेशन कर ले तो उनके खाते में 1100 डाले जाएंगे।

अध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड नरेश जांगड़ा ने कहा कि भी राष्ट्र की उन्नति में सबसे बड़ा योगदान श्रमिकों का होता है। हमारा लक्ष्य है कि श्रमिकों के शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए समय समय पर विभिन्न प्रकार की लाभकारी योजनाएं लेकर आए। विधायक फरीदाबाद नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में मजदूर वर्ग हमेशा कार्य में लगा रहता है। आज यह कार्यक्रम श्रमिकों को सम्मान देने के लिए रखा गया है। पृथला विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि माननीय मोदी और नायब सैनी के नेतृत्व में जिला में बहुत परिवर्तन देखने को मिले हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि सरकार चाहे केंद्र की हो या प्रदेश की आज उसमें ऐसे सिपाही मौजूद है जो क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर कार्यों में लगे हुए हैं। वास्तव में हरियाणा की शक्ति मजदूर वर्ग है क्योंकि अगर मजदूर वर्ग सुव्यवस्थित तरीके से चलेगा तो हरियाणा प्रदेश को नंबर वन पर लाने से कोई नहीं रोक सकता।

इस अवसर पर भापजा नेता टिपर चंद शर्मा, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम बलभगढ़ त्रिलोक चंद, एसीपी विनोद कुमार, एमसीएफ जॉइंट कमिश्नर कारन भदौरिया, पीएमओ सुनीता यादव, रवि सोनी, प्रेम खट्टर, मूलचंद मित्तल, अभिषेक दीक्षित, सुषमा यादव, संजय जांगड़ा सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्तिगण मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

हिंडनबर्ग रिपोर्ट

## अडानी समूह के शेयरों में 7 प्रतिशत की गिरावट, देखने को मिला बड़ा असर




नई दिल्ली, एजेंसी। इस फंड में निवेश करने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि मुख्य निवेश अधिकारी अनिल आहूजा, धवल के बचपन के दोस्त हैं, जो स्कूल और आईआईटी दिल्ली से हैं और सिटीबैंक, जेपी मॉर्गन और 3आई ग्रुप पीएलसी के पूर्व कर्मचारी होने के नाते, कई दशकों का मजबूत निवेश करियर रहा है। अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में इस बार सेबी चीफ मधबी बुच को लेकर कई खुलासे किए है। रिपोर्ट में दावा किया कि सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की बरमूडा और मॉरीशस स्थित ऑफशोर फंडों में हिस्सेदारी है, जिसके बाद अडानी समूह के शेयरों में 7न तक की गिरावट आई।
अदाणी समूह की सूचीबद्ध सभी 10 कंपनियों के शेयर में सोमवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। अदाणी एनर्जी के शेयर में सबसे अधिक 17 प्रतिशत की गिरावट आई। अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट आई। बीएसई सेंसेक्स पर सूचीबद्ध अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 17 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस में 13.39 प्रतिशत, एनडीटीवी में 11 प्रतिशत और अदाणी पावर में 10.94 प्रतिशत की गिरावट आई। अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 6.96 प्रतिशत, अदाणी विल्मर में 6.49 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज में 5.43 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 4.95 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 2.53 प्रतिशत और एसीसी में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन निधियों का उपयोग गौतम अडानी के भाई विनोद अडानी ने अडानी समूह में महत्वपूर्ण शेयरों को खरीदने और उनका व्यापार करने के लिए किया था। वहीं हिंडनबर्ग द्वारा लगाए गए आरोपों पर सेबी प्रमुख ने कहा कि हिंडेनबर्ग द्वारा संदर्भित फंड में निवेश 2015 में किया गया था, जब वह और उनके पति सिंगापुर में निजी नागरिक के रूप में रह रहे थे, लगभग दो साल पहले वह सेबी में पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल हुई थीं।

## पेट्रोल कार में भरा डीजल, कोर्ट ने 26,000 मुआवजा देने का दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। तेलंगाना के वारंगल में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के पेट्रोल पंप पर एक उपभोक्ता अधिकार मामला सामने आया है। 30 जुलाई 2022 को एक महिला की पेट्रोल कार में गलती से डीजल भर दिया गया, जिससे उसकी कार में गंभीर समस्याएं हुई और लंबे कानूनी विवाद का सामना करना पड़ा। कंज्यूमर कोर्ट ने कार मालिक को 26,000 रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया।




कार मालिक मीनाक्षी नायडू ने पेट्रोल पंप पर ईंधन भरने के तुरंत बाद अपनी कार में खराबी महसूस हुई। कार का इंजन तेज आवाज करने लगा और ठीक से काम नहीं कर रहा था। इसके परिणामस्वरूप, उन्हें हैदराबाद में एक अधिकृत मरम्मत केंद्र में जाना पड़ा, जहां तकनीशियनों ने पुष्टि की कि डीजल भरने के कारण कार को नुकसान हुआ था। मरम्मत की लागत 6,381 रुपए आई। कार में आई समस्या पता चलने के बाद नायडू ने पेट्रोल पंप के संचालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया था कि उनके टैंक पर केवल पेट्रोल के निशान होने के बावजूद कार में डीजल डाला गया।

# ओलंपिक स्टार्स की सोशल मीडिया पर मची धूम

## ब्रांड्स की बढ़ रही तेजी से रुचि



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के ओलंपिक स्टार्स की सोशल मीडिया पर धूम मची है, जिससे ब्रांड्स की उनमें रुचि तेजी से बढ़ रही है। ड्ड्डद्धड्ड,-स्द्धस्ड्ड्डा, क्क्द्धड्ड, स्ड्ड्डाद्धट्ठ्द, ऋह्ह्ड्ड्ठुठ्ठ्ड्ड और छ्ह्ह्शह्ह्ठ्ठ्ड्डड्ड जैसे बड़े ब्रांड्स इन खिलाड़ियों के साथ जुड़ने के लिए आगे आ रहे हैं।

शूटर मनु भाकर के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की संख्या पिछले हफ्ते 1,67,000 से बढ़कर अब 1.3 मिलियन हो गई है। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान और पेरिस 2024 ओलंपिक्स में टॉप स्कोरर हरमनप्रीत सिंह के फॉलोअर्स की संख्या भी तेजी से बढ़कर 3,00,000 हो गई है। बॉक्सर विनेश फोगाट के फॉलोअर्स भी एक मिलियन के करीब पहुंच रहे हैं।

इन खिलाड़ियों की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए बड़े और छोटे ब्रांड्स उनके साथ जुड़ने के लिए लाइन में खड़े हैं। वीजा, जो पेरिस 2024 ओलंपिक्स का आधिकारिक ग्लोबल स्पॉन्सर है, ने बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु (3.8 मिलियन फॉलोअर्स) और भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा (9 मिलियन फॉलोअर्स) को भारत में अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना है।

पुमा ने भारतीय ओलंपिक्स एसोसिएशन का आधिकारिक फुटवियर पार्टनर बनकर खिलाड़ियों को पोडियम और यात्रा के लिए फुटवियर और एक्सेसरीज प्रदान की। वहीं एडीडास ने मनीका बत्रा, दीपिका पल्लिकल, निखत ज़रीन, मीराबाई चानू, लवलीना बोरगोहेन और हिमा दास जैसी महिला खिलाड़ियों को समर्थन दिया।

सोशल मीडिया विज्ञापन पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाली कंपनियों में से एक स्ड्ड्डाद्धट्ठ्द ने नीरज चोपड़ा के लिए एक शॉर्ट फिल्म भी बनाई है, जिसमें वह हाल ही में लॉन्च हुए स्मार्टफोन का प्रचार करते नजर आते हैं। ऋद्ध्यद्धड्ठुठ्ठ स्नभ्ह्ठुस्ड्ड्डद्धश्ठु ने भी पेरिस में प्रतिस्पर्धा करने वाले 10 एथलीट्स का समर्थन किया और कहा कि वे 10 से अधिक ओलंपिक खेलों में 150 भारतीय एथलीट्स का समर्थन करते हैं, जिनमें से 50न से अधिक महिलाएं हैं।

क्रिकेट के अलावा अब अन्य खेलों के प्रति भारतीयों की रुचि भी बढ़ रही है। उदाहरण के लिए, नीरज चोपड़ा की फाइनल जैवलिन थ्रो, जिसमें उन्होंने सिल्वर मेडल जीता, छ्ह्ह्श ह्ह्ठ्ठ्ड्डद्धड्ड पर 5.6 करोड़ लोगों ने देखा, जो कि जून में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच के बराबर है।

पुमा के अनुसार, भारत में रनिंग सबसे तेजी से बढ़ने वाला खेल बन गया है, जिसमें 2.5 मिलियन से अधिक पंजीकृत धावक हैं। फुटबॉल और कबड्डी भी शीर्ष पांच पसंदीदा खेलों में शामिल हैं। प्रो कबड्डी लीग भारत की दूसरी सबसे बड़ी खेल संपत्ति बन गई है। ब्रांड्स अब ओलंपिक स्टार्स की बढ़ती सोशल मीडिया प्रभाव के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उनके पास उन कहानियों के साथ जुड़ने का अवसर है जो साहस, संघर्ष और खेलों से जुड़ी अन्य भावनाओं को दर्शाती हैं।

# विदेशी उत्पाद खरीदने में भारतीय आगे, 67 प्रतिशत इंडियन्स विदेशी उत्पादों की कर रहे खरीदारी



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय ग्राहक विदेशी उत्पादों की खरीदारी में सबसे आगे हैं। अवलाय द्वारा प्रकाशित एक सर्वे के अनुसार, भारत में 67 प्रतिशत लोगों ने विदेशी सामान खरीदा है, जबकि अमेरिका में यह आंकड़ा 37 प्रतिशत और ब्रिटेन में 27प्रतिशत है।

रिपोर्ट के अनुसार, 76 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ता मानते हैं कि विदेशी उत्पाद देसी उत्पादों की तुलना में बेहतर हैं। 61प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता विदेशी उत्पादों की खरीदारी के लिए प्रमुख ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। हालांकि, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीधी खरीदारी के विकल्प उपलब्ध होने के बावजूद, केवल 4.8 प्रतिशत उपभोक्ता ही सोशल मीडिया के माध्यम से खरीदारी करते हैं। सर्वे में शामिल देशों में भारत तीसरे स्थान पर है, जो ई-कॉमर्स साइट्स पर निर्भर करता है। इस सर्वे में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों के करीब 8200 उत्तरदाताओं से प्राप्त डेटा का अध्ययन किया गया पायनियर की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान से भारतीय ई-कॉमर्स बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसने एक ही वर्ष में निर्धारित 40 हजार करोड़ डॉलर का लक्ष्य पार कर लिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह वृद्धि मेक इन इंडिया कार्यक्रम और वैश्विक स्तर पर ग्राहकों की बढ़ती हुई मांगों के कारण हुई है। भारत में खरीदे जाने वाले विदेशी उत्पादों में अंतरराष्ट्रीय फैशन प्रोडक्ट्स की मांग सबसे ज्यादा है। इनके बाद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों खासकर मोबाइल फोन, टैबलेट, लैपटॉप आदि की काफी मांग है। खास बात ये है कि 45 प्रतिशतभारतीय खरीदारों को विदेशी उत्पादों पर लगने वाले कस्टम शुल्क की जानकारी नहीं होती है।

एक तिहाई भारतीय विक्रेताओं का मानना है कि भारत निर्मित उत्पाद बेचने में मार्केटिंग उनकी सबसे बड़ी कमजोरी है। 42प्रतिशत विक्रेताओं का मानना है कि वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने की जरूरत है। 94 प्रतिशत सोचते हैं कि मेक का इन इंडिया उत्पाद विश्व स्तर पर अच्छी प्रतिस्पर्धा रखते हैं।

## जनवरी 2025 से मासिक शहरी श्रम बल सर्वेक्षण शुरू, सैंपल साइज में कमी

नई दिल्ली, एजेंसी। सांख्यिकी मंत्रालय जनवरी 2025 से मासिक शहरी श्रम बल सर्वेक्षण जारी करने की योजना बना रहा है। इसका उद्देश्य रोजगार से जुड़े डेटा संग्रह और वितरण की आवृत्ति बढ़ाना है। हालांकि, इसके लिए सैंपल साइज में काफी कमी की जाएगी।

वर्तमान में शहरी पीएलएफएस तिमाही आधार पर जारी की जाती है लेकिन इसमें समय लगने के कारण इसे नीति निर्माताओं के लिए उतना उपयोगी नहीं माना जाता। नए नियमों के तहत, अब यह सर्वेक्षण हर महीने किया जाएगा लेकिन सैंपल साइज घटाकर 45,000 से कम किया जाएगा ताकि समय पर पूरा किया जा सके।

जनवरी-मार्च 2024 में, 44,598 घरों और 169,459 लोगों का सर्वेक्षण किया गया था, जो पिछले तिमाही सर्वेक्षणों के समान था। मासिक सर्वेक्षण के लिए, एनएसएसओ कम से कम 70 प्रतिशत घरों का सर्वेक्षण करने की कोशिश करेगा। यदि टीम की संख्या बढ़ाई जाती है और प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग किया जाता है, तो अधिक घरों का सर्वेक्षण किया जा सकता है।

मौजूदा मासिक बेरोजगारी डेटा को सीएमआईई के डेटा से उद्धृत किया जाता है लेकिन इसकी सर्वेक्षण विधि अलग होने के कारण इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। सीएमआईई व्यक्ति को कामकाजी मानता है अगर वह सर्वेक्षण के दिन या एक दिन पहले किसी आर्थिक गतिविधि में शामिल है, जबकि पीएलएफएस व्यक्ति को कामकाजी मानता है अगर वह सर्वेक्षण से एक सप्ताह पहले किसी गतिविधि में शामिल रहा हो।

सैंपल साइज में कमी से शहरी बेरोजगारी का सटीक चित्र नहीं मिल सकता लेकिन राज्यों के स्तर पर प्रभाव पड़ सकता है। त्वरित विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए मासिक डेटा प्राप्त करना आवश्यक है।

## ओला इलेक्ट्रिक शेयर्स बन गया निवेशकों की पसंद, स्टॉक ने 20 फीसदी के अपर सर्किट लिमिट को किया टच

नई दिल्ली, एजेंसी। टू-व्हीलर कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के शेयर पिछले हफ्ते शेयर मार्केट में लिस्ट हुए थे। कंपनी के शेयरों की फ्लैट लिस्टिंग हुई थी, लेकिन बाद में कंपनी के शेयरों में शानदार तेजी देखने को मिली। 9 अगस्त को ही लिस्टिंग के बाद ही कंपनी के शेयर 18 फीसदी से ज्यादा चढ़ गए थे।

इससे साफ पता चलता है कि लिस्टिंग के बाद निवेशकों की दिलचस्पी कंपनी के शेयर्स में बढ़ी थी। आपको बता दें कि भाविश अग्रवाल की अगुवाई वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के शेयर आज 20 फीसदी चढ़ गए। इस बढ़त के साथ कंपनी के शेयर ने नए अपर सर्किट लिमिट को टच किया।




बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर 19.99 फीसदी चढ़कर 109.41 रुपये प्रति शेयर के भाव पर पहुंच गए थे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के स्टॉक 20 फीसदी की बढ़त के साथ 109.44 रुपये प्रति शेयर के भाव पर कारोबार कर रहे थे। शेयर में आई तेजी के बाद कंपनी के एम-कैप में 8,040.94 करोड़ रुपये जुड़कर टोटल 48,258.89 करोड़ रुपये हो गया।

ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ 2 अगस्त से 6 अगस्त 2024 तक खुला था। कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 72-76 रुपये प्रति शेयर तय किया था। इस आईपीओ में कंपनी ने 6,145 करोड़ रुपये के इश्यू जारी किये थे। ओला इलेक्ट्रिक के आईपीओ 4.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आपको बता दें कि इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता में से पहली ओला इलेक्ट्रिक है, जिसके शेयर्स लिस्ट हुए हैं। इस आईपीओ में 5,500 करोड़ रुपये तक का फ्रेश इश्यू और 8,49,41,997 इक्विटी शेयरों का ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) था। कंपनी के अनुसार वह आईपीओ से जुटाए राशि में से 1,227.6 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अपने सेल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के विस्तार के लिए करेगी। इसके अलावा 1,600 करोड़ रुपये का इस्तेमाल रिसर्च और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए किया जाएगा। वहीं, 800 करोड़ रुपये कर्ज चुकाने और 350 करोड़ रुपये कंपनी के ग्रोथ के लिए किया जाएगा।

अपोलो माइक्रो सिस्ट स लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 2025 की पहली तिमाही के लिए शानदार आय की घोषणा की

# कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 410 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। कस्टम-बिल्ट इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सॉल्यूशंस के डिज़ाइन, डेवलपमेंट और असेंबली में अग्रणी अपोलो माइक्रो सिस्ट स लिमिटेड ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपनी आय की रिपोर्ट दी है। कंपनी के मैनेजमेंट ने आगे कहा कि, अपोलो माइक्रो सिस्ट स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में जो उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, उसे साझा करते हुए हम उत्साहित हैं। यह अवधि हमारे ऑपरेशंस के अनेक डाइमेंशंस में महत्वपूर्ण प्रगति और उल्लेखनीय सफलताओं की विशेषता रही है। इनोवेशन, ऑपरेशनल एक्सीलेंस और सस्टेनेबल ग्रोथ के प्रति हमारा अटूट समर्पण हमारे प्रदर्शन को आगे बढ़ाता है और हमारे भविष्य को आकार देता है। फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही के लिए, अपोलो माइक्रो सिस्ट स लिमिटेड ने 912.02 मिलियन रुपये का रेवेन्यू प्राप्त किया जो फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही में 576.91 मिलियन रुपये से बढ़ा है, यह मु य रूप से मज़बूत ऑर्डर निष्पादन द्वारा संचालित है। हमारा एबिटा बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में 223.71 मिलियन रुपये हुआ, जो वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही में 127.42 मिलियन रुपये था, ऑपरेशंस के बढ़े हुए




स्केल के कारण 75.57 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। शुद्ध लाभ फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही में 16.54 मिलियन रुपये की तुलना में फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही के लिए 84.29 मिलियन रुपये रहा, वहीं फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही के लिए शुद्ध लाभ मार्जिन 9.24 प्रतिशत के साथ रहा, ये फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में 2.87 प्रतिशत से अधिक था। ये फाइनेंशियल अचीवमेंट्स ऑपरेशनल एक्सीलेंस और सस्टेनेबल ग्रोथ के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं, जो भविष्य में निरंतर सफलता के लिए अपोलो माइक्रो सिस्ट स लिमिटेड की आदर्श स्थिति बनाती हैं।

फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही के लिए अपोलो माइक्रो सिस्ट स लिमिटेड की ऑर्डर बुक प्रोजेक्ट्स की एक मज़बूत और बढ़ती पाइपलाइन को दर्शाती है, जो हमारी मार्केट लीडरशिप और कस्टमर ट्रस्ट विश्वास को रेखांकित करती है। अनेक सेक्टर्स में हाई डिमांड के कारण ऑर्डर बुक में काफी विस्तार हुआ है। इन ऑर्डर्स की डाइवर्सिटी और क्वॉलिटी एक स्थिर रेवेन्यू स्ट्रीम और बढ़ी हुई लाभप्रदता तय करती है। यह मज़बूत ऑर्डर बुक अपोलो माइक्रो सिस्ट स लिमिटेड को उभरते अवसरों का लाभ उठाने और हमारी विकास गति को बनाए रखने की स्थिति में रखती है।

## जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड ने मोरक्को में सोलारिज इन्वेस्ट के साथ साझेदारी कर वैश्विक पहुंच बढ़ाई

मुंबई, एजेंसी। जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड (बीएसई- 531449, एनएसई- जीआरएमओवर), भारत का एक प्रमुख बासमती चावल निर्यातक और एफएमसीजी क्षेत्र का एक अग्रणी खिलाड़ी, ने मोरक्को में सोलारिज इन्वेस्ट के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग जीआरएम के वैश्विक विस्तार प्रयासों में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि यह अपने प्रमुख बासमती चावल ब्रांड 'तनूष' को सोलारिज इन्वेस्ट के व्यापक वितरण नेटवर्क के माध्यम से मोरक्को के उपभोक्ताओं तक पहुंचाता है। 'तनूष' 1 किलो और 5 किलो पैक में उपलब्ध होगा।

समझौते के अनुसार, सोलारिज इन्वेस्ट मोरक्को में जीआरएम ओवरसीज के उत्पादों का एकमात्र वितरक होगा। इस क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति और सिद्ध क्षमताओं के साथ, सोलारिज इन्वेस्ट जीआरएम की बाजार पैठ को बढ़ावा देने और इसकी ब्रांड दृश्यता बढ़ाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है।

जीआरएम ओवरसीज के चेयरमैन और एमडी श्री अतुल गर्ग ने कहा, सोलारिज इन्वेस्ट के साथ हमारी साझेदारी हमारे ग्लोबल प्रजेंट्स को मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक कदम है। सोलारिज इन्वेस्ट के मजबूत वितरण नेटवर्क और स्थानीय विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, हमारा लक्ष्य मोरक्को में अपनी पैठ को गहरा करना है। यह सहयोग अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का विस्तार करने और उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। मोरक्को में सोलारिज इन्वेस्ट के साथ सहयोग नए बाजारों में विस्तार करने, ब्रांड दृश्यता बढ़ाने और प्रभावशाली साझेदारियों के माध्यम से स्थायी विकास के जीआरएम के रणनीतिक दृष्टिकोण का उदाहरण है। बोर्ड ने 90,70,000 कंवर्टेबल वारंटों के आवंटन को भी मंजूरी दी, जिसकी कीमत 150 रुपये प्रति वारंट है, जिसमें वारंट सब्सक्रिप्शन मूल्य और वारंट एक्सरसाइज मूल्य शामिल है, जिसकी कुल राशि 136.05 करोड़ रुपये है।

## कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 74 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई, एजेंसी। पैरामाउंट क युनिकेशंस लिमिटेड 1955 में स्थापित, भारत की वायर और केबल इंडस्ट्री में एक प्रमुख खिलाड़ी है, जो विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर सैग्मेंट्स के लिए हाई-क्वॉलिटी प्रोडक्ट्स का उत्पादन करता है। यह पावर केबल्र्स, टेलीकॉम केबल्र्स, रेलवे केबल्र्स और विशेष केबल सहित तारों वायर्स और केबल्र्स के निर्माण में लगा हुआ है। कारण हुई। हम अपनी स्ट्रेटिजिक पहलों और बाजार विस्तार प्रयासों से प्रेरित होकर पूरे वित वर्ष 25 में इस विकास राह को बनाए रखने को लेकर आशावादी हैं। ऑपरेशनल दक्षता बढ़ाने के हमारे स्ट्रेटिजिक इनीशिएटिव के सकारात्मक परिणाम मिले हैं, जिससे हमारा एबिटा मार्जिन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही में 8.7 प्रतिशत से फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में 9.2 प्रतिशत हो गई। विशेष रूप से, हमारा एबिटा फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही में 185.1 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही में 299.1 मिलियन रुपये बढ़ गया, जो कि 61.6 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्शाता है।

## मुफिन ग्रीन फाइनेंस लिमिटेड 13 अगस्त को फंड जुटाने पर विचार करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। मुफिन ग्रीन फाइनेंस लिमिटेड, जो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए फाइनेंसिंग करती है, ने घोषणा की है कि इसका बोर्ड 13 अगस्त को निजी प्लेसमेंट के जरिए बिना सूचीबद्ध, सुरक्षित, गैर-परिवर्तनीय (नॉन कनवर्टेबल) डिबेंचर जारी करके फंड जुटाने पर विचार करेगा।

कंपनी वित्त वर्ष 2024-25 की 30 जून को समाप्त तिमाही के कमाई के आंकड़े भी अनाउंस करेगा। इससे पहले, कंपनी ने गैर-परिवर्तनीय(नॉन कनवर्टेबल) डिबेंचर आवंटित करने की घोषणा की थी, जिसमें कुल 22 करोड़ रुपये जुटाए गए थे।

कंपनी उत्तर भारत के 14 राज्यों में मौजूद है, जिसमें दो, तीन और चार पहिया ईवी के लिए फाइनेंसिंग विकल्प हैं। कंपनी का मानना है कि दक्षिण भारत के राज्यों में पहुंचने से उसे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

मुफिन ग्रीन फाइनेंस लिमिटेड के सीईओ पंकज गुप्ता ने कहा, हम मानते हैं कि अब समय आ गया है कि सभी व्यावसायिक संस्थान जो पेट्रोल-डीजल वाले वाहन इस्तेमाल करते हैं, उन्हें अब ज़ीरो उत्सर्जन वाले वाहनों की ओर रुख करना चाहिए।

## देव आईटी का वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही में कंसोलिडेटेड कर बाद लाभ 102 प्रतिशत बढ़ो

मुंबई, एजेंसी। टेलिजेंस और और बाइटसिग्नर जैसे प्रोडक्टस के साथ क्लाउड सेवाएं, डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन, एंटरप्राइज एप्लीकेशंस और मैनेज्ड आईटी सेवाएं प्रदान करने वाली एक ग्लोबल आईटी सेवा कंपनी, देव इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, संस्थापक एवं ि श्री प्रणव पंड्या ने कहा, हम कर बाद लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ अपवादात्मक तिमाही की रिपोर्ट देकर हर्षित है, जो हमारे व्यूहात्मक फोकस और परिचालन उत्कृष्टता को दर्शाती है. यह प्रभावशाली वृद्धि कंपनी द्वारा प्राप्त किए गए कई उल्लेखनीय ऑर्डर के चलते हैं. आगे देखने पर हमें विश्वास है कि यह ग्रोथ ट्रांजेक्ट्री टिकाऊ है. हमें राज किसान साथी पोर्टल के लिए राजकांप इन्फो सर्विसेज लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ है, जो एक सहज डिजिटल प्लेटफॉर्म के मार्फत कृषि सेवाओं में वृद्धि करने के साथ दोनों कार्य कुशलता और सेवा डिलीवरी में सुधार करेगा।



# कौन बनेगा करोड़पति सपनों और आकांक्षाओं की एक साझा यात्रा

रियलिटी क्विज टेलीविजन शो कौन बनेगा करोड़पति का 16वां सीजन जल्द शुरू होने वाला है। दिग्गज बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन इस शो की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कौन बनेगा करोड़पति 16 का प्रीमियर 12 अगस्त को होगा। इसमें प्रतियोगी को पुरस्कार राशि हासिल करने के लिए अपने ज्ञान और बुद्धि की कुशलता को साबित करना होगा। इस बार शो को और रोचक बनाया गया है। इस सीजन में सुपर सवाल नाम से एक नया सेगमेंट शामिल किया जाएगा। यह नया स्पेशल सेगमेंट केबीसी में पांचवें प्रश्न के बाद आएगा। यह प्रतियोगियों को बिना लाइफ-लाइन विकल्प के अपनी पुरस्कार राशि को दोगुना करने की अनुमति देगा, जिससे खेल में एक उच्च जोखिम वाला मोड़ जुड़ जाएगा। शो के बारे में बात करते हुए, बिग बी ने एक बयान में कहा, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) एक गेम शो से कहीं अधिक है। यह सपनों और आकांक्षाओं की एक साझा यात्रा है, जिसमें लाखों दर्शक हॉट सीट पर बैठे प्रतियोगियों का समर्थन करते हैं। केबीसी की मेजबानी मुझे अपने प्रशंसकों से जोड़े रखती है, जिन्हें मैं अपना परिवार मानता हू। उन्होंने आगे कहा कि जीवन के सभी क्षेत्रों के प्रतियोगियों से मिलना, जिनमें से प्रत्येक के पास कठिनाइयों से भरी हुई अनूठी कहानिया हैं। वो फिर भी हमेशा मुस्कुराते हैं और बड़े सपने देखते हैं। यह मुझे गहराई से प्रभावित और प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, सीजन 16 आधुनिक भारत की भावना को दर्शाता है, ज्ञान को एक स्तर के रूप में मनाना जारी रखता है। हम दर्शकों को और भी अधिक समृद्ध और रोमांचकारी देखने का अनुभव प्रदान करने की उम्मीद करते हैं। बता दें कि कौन बनेगा करोड़पति भारत के प्रतिष्ठित शो में से एक है। इस शो ने बिग बी को उनकी प्रोडक्शन कंपनी अमिताभ बच्चन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कर्ज में डूबने के बाद स्टारडम वापस पाने में सहायता की।

कर्जदारों को भुगतान करने के लिए बिग बी ने 2000 में केबीसी के साथ टेलीविजन का रुख किया था। भारतीय दर्शकों ने कौन बनेगा करोड़पति में बिग बी को असीम प्यार दिया। बॉलीवुड के सबसे बड़े आइकनों में से एक अभिनेता शाहरुख खान ने अमिताभ बच्चन के होस्ट किए गए दो सफल सीजन के बाद शो के तीसरे सीजन की मेजबानी की थी, लेकिन शाहरुख अपने आकर्षण के बावजूद बिग बी के जादू को दोहरा नहीं सके। बिग बी चौथे सीजन के साथ शो में लौटे और 2010 से इसकी लगातार मेजबानी कर रहे हैं। कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन का प्रीमियर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा।



## तृप्ति के हाथ लगी बायोपिक?

# अदा कर सकती हैं परवीन बाबी का रोल

फिल्म एनिमल के बाद से तृप्ति डिमरी के सितारे बुलंदी पर हैं। इस फिल्म के बाद उन्हें टैग मिला है भाभी 2। बीते दिनों वह फिल्म बैड न्यूज में नजर आईं। इसके अलावा आने वाले दिनों में अभिनेत्री भूल भुलैया 3 में नजर आएंगी। इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि तृप्ति के हाथ एक बायोपिक लग गई है। बायोपिक भी अपने दौर की दिग्गज अदाकारा की है।

सबसे आगे चल रहा तृप्ति का नाम फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक तृप्ति डिमरी परवीन बाबी की बायोपिक में नजर आ सकती हैं, उनके नाम पर चर्चा चल रही है। वह लीड रोल करती नजर आ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि इस किरदार के लिए उन्हें मजबूत दावेदार माना जा रहा है। हालांकि, अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पहले इस किरदार को अदा करने को लेकर उर्वशी रौतेला का नाम सामने आ रहा था। लेकिन, अब तृप्ति के नाम की चर्चा है। इस किताब पर बायोपिक बनने की चर्चा परवीन बाबी की बायोपिक को लेकर भी लंबे वक्त से चर्चा है। लेखिका करिश्मा उपाध्याय द्वारा लिखित उनकी जीवनी, परवीन बाबी- ए लाइफ कई वर्षों से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत करने के लिए प्रेरित कर रही है। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के अनुसार अब इस किताब पर फिल्म बनने की तैयारी है। परवीन बाबी 70 और 80 के दशक की लोकप्रिय अदाकारा रही हैं। उन्होंने दीवार, अमर अकबर एंथनी, मजबूर, त्रिमूर्ति और खट्टा मीठा सहित कई फिल्मों में काम किया है।

इन फिल्मो में नजर आएंगी तृप्ति

अभिनेत्री तृप्ति के करियर की बात करें तो उन्होंने पोस्टर बॉयज से डेब्यू किया था। फिर वे बुलबुल और कला जैसी फिल्मों में दिखीं। हालांकि, एनिमल के बाद उनकी लोकप्रियता में ज्यादा इजाफा हुआ है। अब उन्हें कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 में देखा जाएगा इसके अलावा राजकुमार राव की विक्की विद्या का वो वाला वीडियो भी तृप्ति की अपकमिंग फिल्म है।



# 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित हुए शाहरुख खान

बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के नाम एक और उपलब्धि जुड़ चुकी है। 10 अगस्त को अभिनेता को 'लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल' के 77वें संस्करण में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' तथाकथित 'पार्डो अला कैरियरा' से सम्मानित किया गया है। शाहरुख इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय बन चुके हैं। इस दौरान अभिनेता ने अपने आकर्षण से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

चार्मिंग लुक में नजर आए शाहरुख

फेस्टिवल में शाहरुख खान स्लीक ब्लैक ब्लेजर और मैचिंग ट्राउजर पहने नजर आए। उनका ये चार्मिंग लुक देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। शाहरुख के लुक को उनके लंबे बालों ने और भी शानदार बना दिया। हालांकि, फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण उनका भाषण था।

न्यूज पोर्टल मुताबिक, शाहरुख खान ने अपने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसकी शुरुआत की। उन्होंने अपना सिग्नेचर पोज करते हुए कहा, 'आप सभी का इतनी बड़ी बाहों से मेरा स्वागत करने के लिए धन्यवाद।' अपने भाषण के दौरान अभिनेता ने फेस्टिवल के स्थान की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'यह लोकार्नो का एक बहुत ही सुंदर, बहुत ही सांस्कृतिक, बहुत ही कलात्मक और बेहद गर्म शहर है।' अभिनेता ने आगे कहा, 'इतने सारे लोग एक छोटे से चौक में ठसाठस भरे हुए हैं और इतनी गर्मी है। यह बिल्कुल भारत में अपने घर जैसा है।'

# इब्राहिम अली के साथ रिश्ते में हैं पलक तिवारी? मां श्वेता ने बताया सच



श्वेता तिवारी टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। वहीं, उनकी बेटी पलक तिवारी ने भी मां के नक्शेकदम पर चलने की ठानी है। पलक, सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू कर चुकी हैं। इसी बीच वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी जबर्दस्त सुर्खियां बटोरती हैं। पलक का नाम सैफ अली खान और उनकी एक्स वाइफ अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान से जोड़ा जा रहा है। दोनों को कई अवसरों पर एक साथ भी देखा जा चुका है। वहीं, अब इन चर्चाओं पर खुद पलक की मां श्वेता तिवारी ने चुप्पी तोड़ी है। अभिनेत्री अपने बयान से प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रही हैं। अपनी बेटी के कथित रोमांस की अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए श्वेता तिवारी ने हाल ही में कहा, पलक अभी मजबूत हैं, लेकिन कल, कुछ टिप्पणी या लेख उनके आत्मविश्वास को ठेस पहुंचा सकते हैं। श्वेता ने जोड़ा, वह अभी भी बच्ची है। कभी-कभी चीजें इतनी क्रूर हो जाती हैं, जैसे उनका हर दूसरे लड़के के साथ अफेयर हो। मुझे भी नहीं पता कि वह ये सब कब तक बर्दाश्त करेंगी। श्वेता ने कहा कि यहां तक कि पलक अपनी डेटिंग की अफवाहों को लेकर भी हैरान हैं। श्वेता ने जोड़ा, वह इसका मजाक उड़ाती हैं, लेकिन कई बार चीजें उन्हें परेशान भी कर सकती हैं। श्वेता ने पलक के पतले शरीर के बारे में नकारात्मकता को भी संबोधित किया और कहा, यह उन्हें परेशान भी नहीं करता है। पलक तिवारी ने 2023 में सलमान खान और पूजा हेगड़े अभिनीत फिल्म किसी का भाई किसी की जान से अपने अभिनय की शुरुआत की। काम के साथ-साथ वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी जबर्दस्त सुर्खियां बटोरती हैं। पलक के प्रशंसक उनके अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# कॉमेडी नहीं हिंसक है टॉम एंड जेरी

अक्षय कुमार इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय एक्शन सितारों में से एक हैं। खिलाड़ी कुमार ने अपने दशकों लंबे करियर के दौरान कई एक्शन फिल्मों में काम किया है। अभिनेता अब अपनी अगली फिल्म खेल खेल में की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। अक्षय इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं। इसी बीच उन्होंने लोकप्रिय कार्टून फ्रेंचाइजी टॉम एंड जेरी को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया है, जिसे जानकर प्रशंसक दंग रह गए हैं। एक हालिया इंटरव्यू में खेल खेल में से अक्षय कुमार के को-स्टार फरदीन खान ने टॉम एंड जेरी को अपना पसंदीदा कॉमेडी कार्टून बताया। हालांकि, इस पर अक्षय ने उन्हें रोकते हुए कहा, नहीं, नहीं। टॉम एंड जेरी कॉमेडी नहीं है। इसमें एक्शन है, हिंसा है। अपनी फिल्मों में एक्शन के लिए कार्टून टॉम एंड जेरी से प्रेरणा लेने की बात को साझा करते हुए अक्षय ने कहा, मैं आपको एक रहस्य बताऊंगा। मैंने कई सारे जो एक्शन सीन किए हैं, उन्हें मैंने टॉम एंड जेरी से लिया है। वह पूरा हेलीकॉप्टर सीन, मैंने टॉम एंड जेरी से लिया है।

अक्षय ने यह भी साझा किया कि उन्होंने नेशनल ज्योग्राफिक से भी प्रेरणा ली है। अभिनेता ने जोड़ा, और एक और बात मैंने एक्शन सीन के लिए नेशनल ज्योग्राफिक से भी काफी प्रेरणा ली है, जहां आपको शानदार एक्शन देखने को मिलता है। टॉम एंड जेरी का एक्शन जिस तरह का है वह अविश्वसनीय है। अक्षय कुमार के प्रशंसक खेल खेल में की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में अभिनेता के अलावा वाणी कपूर, तापसी पन्नू, एमी विर्क, प्रज्ञा जयसवाल और आदित्य सील जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। यह मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अश्विन वर्दे, विपुल डी. शाह, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित है। फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।





# अनीस बज्मी ने शुरू की महिला किरदारों की कास्टिंग, इस महीने शुरू होगी नो एंट्री 2 की शूटिंग

हिट कॉमेडी नो एंट्री के प्रशंसित निर्देशक अनीस बज्मी अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट नो एंट्री 2 की तैयारी कर रहे हैं। भूल भुलैया 3 के सफल समापन के बाद, बज्मी ने इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल के लिए मुख्य अभिनेत्री की तलाश शुरू कर दी है। 2005 में रिलीज हुई मूल फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान और ईशा देओल जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था, जिसमें लारा दत्ता, सेलिना जेटली और बिपाशा बसु का उल्लेखनीय प्रदर्शन था। जैसे ही बज्मी नो एंट्री 2 के लिए मंच तैयार कर रहे हैं, वह प्रशंसकों को प्रसन्न करने के लिए हास्य और मनोरंजन का एक और दौर देने का वादा करते हैं।

महिला किरदारों की कास्टिंग शुरू

वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर की दोहरी भूमिकाओं वाली फिल्म नो एंट्री 2 का निर्माण दिसंबर 2024 तक शुरू होने वाला है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो अनीस बज्मी और निर्माता बोनी कपूर अगस्त के मध्य में नो एंट्री 2 के लिए कास्टिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। यह फिल्म मनोरंजन को दोगुना करने का वादा करती है, जिसमें इसके मुख्य कलाकार दोहरी भूमिका निभाएंगे, और इसमें सात महिला किरदारों का एक महत्वपूर्ण समूह भी शामिल होगा।

दिसंबर 2024 में शुरू होगी शूटिंग

रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि अनीस बज्मी नो एंट्री 2 को लेकर बेहद उत्साहित हैं और बेसब्री से शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। उनका मानना है कि यह फिल्म हाल के वर्षों में उनके द्वारा बनाई गई सबसे मजेदार पटकथाओं में से एक है। बज्मी के अनुसार, नो एंट्री 2 उनके बेहतरीन कामों में से एक है। निर्देशक, दिसंबर 2024 में प्रोडक्शन शुरू होने पर इस फिल्म को फ्लोर पर ले जाने के लिए उत्साहित हैं।

2025 में रिलीज होगी नो एंट्री 2

अनीस बज्मी एक लेखक और निर्देशक के रूप में नो एंट्री 2 पर काम करेंगे। वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ ने फिल्म की स्क्रिप्ट पर सहमति जता दी है और तीनों फिल्म के लिए उत्साहित भी हैं।

# सामंथा रुथ प्रभु की आने वाली फिल्में और वेब सीरीज

इन दिनो सामंथा अपनी आगामी कई फिल्मों और सीरीज को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। सामंथा रुथ प्रभु एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जो मुख्य रूप से तेलुगु और तमिल सिनेमा में काम करती हैं। इन दिनों सामंथा अपनी आगामी वेब सीरीज सिटाडेल-हनी बनी के प्रमोशन में व्यस्त हैं। सिटाडेल- हनी बनी एक एक्शन वेब सीरीज है, जो 7 नवंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। बंगाराम की घोषणा सामंथा के जन्मदिन पर की गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जवान निर्देशक एटली की फिल्म में सामंथा और अल्लु अर्जुन की जोड़ी साथ में देखने को मिलेगी। वेब सीरीज सिटाडेल- हनी बनी और इन फिल्मों के अलावा भी सामंथा की कई फिल्में पाइपलाइन में हैं।

